राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 143, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 08 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

मोदी शुक्रवार लाल किले में करेंगे भारत के पहले सांस्कृतिक बिएननेल का उद्घाटन
.... पेज 03

विदेश गए प्रेमी से नहीं हो पाई बात तो प्रेमिका ने उसके घर पहुंचकर किया बवाल
.... पेज 05

डब्ल्यूपीएल नीलामी में चमारी, एनाबेल और डैनी के बीच होगी प्रतिस्पर्धा
.... पेज 07

## तेलंगाना के 6 विधायकों के पास 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति

हैदराबाद। (पीएमए) कांग्रेस पार्टी के गद्दाम विवेकानंद नवनिर्वाचित तेलंगाना विधानसभा में सबसे अमीर विधायक हैं, जिनकी घोषित पारिवारिक संपत्ति 606 करोड़ रुपये से अधिक है। नामांकन दाखिल करते समय एक हलफनामे में चुनाव आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार, 119 विधायकों में से छह विधायकों के पास 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। उनमें से पांच सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी से हैं और एक भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से है। तेलंगाना में 16 विधायकों के पास 50 करोड़ से 100 करोड़ रुपये तक की संपत्ति है। कम से कम 90 लोगों के पास 50 करोड़ रुपये से कम की संपत्ति है और केवल 7 ऐसे हैं जिन्होंने 1 करोड़ रुपये से कम की संपत्ति घोषित की है। चुनाव से एक महीने पहले ही बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले विवेकानंद मंचेरियल जिले के चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए हैं। विवेकानंद को लोग विवेक नाम से जानते हैं। वह एक बड़े उद्योगपति राजनेता हैं। विवेक विसाका इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। उनकी पत्नी सरोजा कंपनी की प्रबंध निदेशक हैं।

# तमिलनाडु में बाढ़ से 1.2 करोड़ लोग प्रभावित

### स्कूल-कॉलेज लगातार चौथे दिन बंद, 15 ट्रेनें कैंसिल

चेन्नई। बंगाल की खाड़ी से उठे मिचौंग तूफान के कारण आई बाढ़ से तमिलनाडु के 1.2 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिले में सबसे ज्यादा तबाही हुई। गुरुवार को चेन्नई आने-जाने वाली 15 ट्रेनें कैंसिल की गईं। 4 दिसंबर से सभी स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उधर, पीएम मोदी ने फ्लड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के लिए 561 करोड़ के फंड को मंजूरी दे दी है। डीएमके सांसद टीआर बालू ने संसद में



बताया कि राज्य में 47 साल बाद ऐसे हालात बने हैं। तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हुई। चेन्नई में एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके चलते आई बाढ़ से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। शहर के कई हिस्सों में तीन दिन से बिजली और इंटरनेट बंद है। सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 561.29 करोड़ रुपए की मदद मांगी थी। पीएम मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर तूफान में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई।

### राजनाथ बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने पहुंचे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु में बाढ़ प्रभावित इलाकों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने चेन्नई में बताया कि केंद्र ने बाढ़ राहत सहायता की दूसरी किस्त जारी कर दी है। इसके तहत आंध्र प्रदेश को 493.6 करोड़ और तमिलनाडु को 450 करोड़ दिए गए हैं। दोनों राज्यों को दी गई राहत सहायता की पहली इस्टॉलमेंट में भी इतनी ही राशि दी गई थी।

# रेवंत रेड्डी बने तेलंगाना के सीएम

### डिप्टी सीएम सहित 12 मंत्रियों ने भी ली शपथ



कांग्रेस की शानदार जीत के बाद रेवंत रेड्डी ने आज तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने रेवंत रेड्डी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सीएम और डिप्टी सीएम के अलावा आज 11 अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर एक बजकर चार मिनट पर विशाल एलबी स्टेडियम में आयोजित किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल हुए।

रेवंत रेड्डी तेलंगाना के पहले कांग्रेसी मुख्यमंत्री और 2014 में तत्कालीन आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद बने राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री हैं।

इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 119 सदस्यीय विधानसभा में 64 सीटें मिलीं। इसके साथ ही तेलंगाना में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का लगभग 10 साल पुराना शासन समाप्त हो गया। चुनाव में मिली हार के बाद के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया।

### शपथ लेने वाले मंत्रियों की लिस्ट

- भट्टी विक्रमार्क मल्लू- उपमुख्यमंत्री
- नालामाडा उत्तम कुमार रेड्डी
- सी दामोदर राजनरसिम्हा
- कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी
- दुद्दिला श्रीधर बाबू
- पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी
- पूनम प्रभाकर
- कोंडा सुरेखा
- डी अनसूया सीताक्का
- तुम्मला नागेश्वर राव
- जुपल्ली कृष्णा राव
- गद्दाम प्रसाद कुमार

### पूर्व सैनिकों को बिजनेस स्कूल में छात्रवृत्ति मिलेगी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर गुरूवार को पूर्व सैनिकों को छात्रवृत्ति देने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के साथ सहयोग की घोषणा की। इस के तहत इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस पोस्ट ग्रेजुएट और एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्रामों में सेवा निवृत कर्मियों को 50 प्रतिशत ट्यूशन फीस छूट प्रदान करेगा जिसकी राशि प्रति वर्ष कुल 2.3 करोड़ रुपये तक होगी। इससे प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में 22 पूर्व सैनिक लाभान्वित होंगे। इस सहयोग का उद्देश्य सशस्त्र बलों के कर्मियों और सेवानिवृत्त सैनिक के पास पहले से मौजूद कौशल को बेहतर बनाने के लिए नवीनतम और गहन प्रबंधन कौशल प्रदान करना है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्षा मंत्रालय के साथ सहयोग करने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस का आभार व्यक्त किया।

### तेलंगाना में कांग्रेस की 6 गारंटी पर रेड्डी की मुहर

## महिलाओं-किसानों को कैश मदद, 200 यूनिट फ्री बिजली; बेघरों को जमीन देगी सरकार

हैदराबाद। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने 7 दिसंबर को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। उनके साथ 11 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम एलबी स्टेडियम में हुआ। इसमें सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।

रेवंत ने शपथ लेने के तुरंत बाद दो फाइलों पर दस्तखत किए। पहली फाइल चुनाव से पहले कांग्रेस की तरफ से दी गईं 6 गारंटियों की थी। दूसरी फाइल में एक दिव्यांग महिला को नौकरी देने का वादा किया गया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय प्रगति भवन के बाहर लगी फेंस को हटवा दिया, जिसकी वजह से कई साल से लोगों को ट्रैफिक जाम की परेशानी हो रही थी।



तेलंगाना का गठन 2014 में हुआ था। तब से लेकर 2023 तक दो बार भारत राष्ट्र समिति के के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) मुख्यमंत्री रहे। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में केसीआर को हार मिली और रेवंत रेड्डी के रूप में राज्य को दूसरा (कार्यकाल के हिसाब से तीसरा) सीएम मिला।

### तेलंगाना की जनता को कांग्रेस की 6 गारंटी

महालक्ष्मी स्कीम- महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए और 500 रुपए में गैस सिलेंडर। साथ ही राज्य परिवहन ज्ञस्त्रक्त्रष्ट की बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा।

राज्य के सभी किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता और कृषि मजदूरों को 12 हजार रुपए देने का वादा।

ज्योति योजना के तहत हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री।

इंदिरम्मा इंदलु स्कीम- उन परिवारों को घर के लिए जमीन और 5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देंगे, जिनके पास खुद का घर नहीं है।

युवा विकासम योजना- छात्रों को 5 लाख की सहायता, इसका उपयोग वे कॉलेज की फीस जमा करने में कर सकेंगे।

चेयुथा स्कीम- बुजुर्गों और कमजोर वर्ग के लोगों को 4 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी।

## गोगामेड़ी के हत्यारों पर 5-5 लाख का इनाम

### राष्टीय राजपूत करणी सेना अध्यक्ष पंचतत्व में विलीन; तीन चचेरे भाइयों ने दी मुखाग्नि

जयपुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों पर गुरुवार को 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया। फरार दोनों आरोपी रोहित सिंह राठौड़ और नितिन फौजी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों में भी छापेमारी कर रही हैं। उधर, सुखदेव सिंह का अंतिम संस्कार शाम करीब 5ः30 बजे हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी गांव में हुआ।

इससे पहले बुधवार देर रात एसएमएस हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया था। इसके बाद आज सुबह राजपूत सभा भवन में समाज के लोगों ने अंतिम दर्शन किए। यहां से श्रद्धांजलि यात्रा रवाना पैतृक गांव गोगामेड़ी के लिए रवाना हुई थी।

यात्रा भवानी निकेतन कॉलेज, चौमूं, रींगस, सीकर, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, चूरू, तारानगर, साहवा, भादरा होते हुए शाम करीब 4 बजे गोगामेड़ी पहुंची। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। गोगामेड़ी गांव में पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। इधर, हत्या के विरोध में



अलवर और हनुमानगढ़ शहर बंद रहा।

भादरा से लेकर गोगामेड़ी तक चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। यहां गोगामेड़ी की ढाणी 9 डीपीएन में सुबह से ही लोग जुटना शुरू हो गए थे। यहां भी पुलिस बल तैनात किया गया था।

शाम को जब उनके गांव पार्थिव देह पहुंची तो दादा अमर रहे के नारे लगे। अंतिम दर्शन के बाद उनके तीन चचेरे भाइयों ने मुखाग्नि दी। इस दौरान काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

इससे पहले गोगामेड़ी हत्याकांड में 11 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी। जांच एनआईए को देने की अनुशंसा के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम कराने के लिए तैयार हुए थे। मामले में 2 स्नङ्खक्र दर्ज कराई गई थी। गोगामेड़ी की पत्नी शीला शेखावत ने हत्या का मामला दर्ज कराया है।

साथ ही आरोप लगाया कि पति ने सीएम और डीजीपी से 3 बार पुलिस सुरक्षा मांगी थी, लेकिन नहीं दी गई थी। मामले में श्याम नगर एसएचओ मनीष गुप्ता, बीट प्रभारी और बीट कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया था। दूसरी एफआईआर स्कूटी सवार ने दर्ज कराई है। बुधवार को गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में करणी सेना ने राजस्थान बंद का आह्वान किया था, जिसका असर प्रदेशभर में देखने को मिला था। बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई इलाकों में तोड़फोड़ की थी। जयपुर में गोपालपुरा, त्रिवेणी नगर और मानसरोवर में तोड़फोड़ की गई थी।

### मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक सभा को संबोधित करेंगे। एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में देश भर से हजारों विकसित भारत संकल्प यात्रा लाभार्थी शामिल होंगे और दो हजार से अधिक वीबीएसवाई वैन, हजारों कृषि विज्ञान केंद्र और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भी जुड़ेंगे ।

## वाराणसी में दंपती ने 2 बेटों के साथ सुसाइड किया

### धर्मशाला में कमरा बंद करके फांसी लगाई; आंध्र प्रदेश से दर्शन करने आए थे

वाराणसी। वाराणसी में गुरुवार शाम एक परिवार के चार लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चारों के शव धर्मशाला के एक कमरे में लटके मिले। मरने वालों में पति, पत्नी और दो बेटे शामिल हैं। सभी आंध्र प्रदेश से काशी विश्वनाथ का दर्शन करने आए थे। यह परिवार कैलाश भवन देवनाथपुर धर्मशाला की तीसरी मंजिल पर रुका था। कमरे में चारों के शव नायलॉन की रस्सी के सहारे लटके



मिले। मरने वालों की पहचान पति लावणिया (45), पत्नी कोंडा (50), बेटा जय राज (23) और राजेश (25) के रूप में हुई है।

वाराणसी के आंध्रा आश्रम के प्रमुख वीवी सुंदर ने बताया कि चारों लोग 3 दिसंबर को आए थे, 6 दिसंबर को इनका चेक आउट था। 7 दिसंबर गुरुवार को बाहर नहीं आने पर धर्मशाला की महिला कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाया। कोई आवाज न आने पर खिड़की से देखा तो सभी फांसी के फंदे पर लटके मिले। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें मौत का कारण आर्थिक तंगी बताया गया है सीपी मुथा आशोक जैन ने बताया कि दरवाजा तोड़कर पुलिस कमरे में घुसी है। सभी लोगों ने एक साथ फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है कि वो लोग आर्थिंग तंगी से जूझ रहे थे, रुपए के लेन-देन को लेकर उनका किसी से विवाद चल रहा था। ये लोग करीब दो महीने से आधंप्रदेश में घर पर नहीं रह रहे थे। बाकी, जानकारी की जा रही है।

## नागपुर विधानसभा के बाहर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन

नागपुर। (पीएमए) आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेताओं ने गुरुवार को यहां नागपुर विधान भवन के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यहां महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है।

एमवीए नेताओं में राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, शिवसेना (यूबीटी) के विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के अनिल देशमुख और अन्य विपक्षी विधायक शामिल थे। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और किसानों के लिए न्याय की मांग की।

फलों और सब्जियों की माला पहने कई विधायकों ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसान बर्बाद हो गए हैं, लेकिन सत्तारूढ़ शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी-एनसीपी (एपी) की ओर से कोई मदद नहीं मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीमा कंपनियों को समृद्ध किया गया है जबकि किसानों को गरीबी में धकेल दिया गया है और वे बेबसी के आंसू बहा रहे हैं।

एमवीए नेताओं ने किसान समर्थक और सरकार विरोधी नारों वाली काली तख्तियां लहराई और सरकार से राज्य के 15 से अधिक जिलों में बुरी तरह प्रभावित हुए किसानों के आँसू पोंछने का आह्वान किया, ताकि उन्हें बर्बाद होने से बचाया जा सके।

### महुआ मोइत्रा की बढ़ सकती है परेशानी



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के नेता और सांसद महुआ मोइत्रा की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कैश-फॉर-क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित करने की सिफारिश आचार समिति की एक रिपोर्ट में की गई है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। समाचार एजेंसी ने संसदीय सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। मालूम हो कि एथिक्स कमेटी की इस रिपोर्ट को चार दिसंबर को ही निचले सदन में पेश किया जाना था, लेकिन इसे पेश नहीं किया गया। इससे पहले इस मामले में सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश के बीच तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा था कि पार्टी अपनी सांसद के साथ खड़ी है।

**मौत का आंकड़ा**

### हार्ट अटैक और ब्रेन हैमरेज पल भर में बना रहे काल

## देश में 12 प्रतिशत बढ़े अचानक होने वाली मौतों के आंकड़े

नई दिल्ली। देश में बीते कुछ सालों में अचानक मौतों के मामलों ने लोगों को हैरान किया है। यहां तक कि डॉक्टर और ICMR जैसी संस्थाएं भी जानने की कोशिश करती रही हैं कि इसकी वजह क्या है। इस बीच नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के डेटा में पता चला है कि अकेले साल 2022 में ही करीब 57 हजार लोगों की अचानक मौत हो गई। इनमें से 57 पर्सेंट मामले ऐसे थे, जिनमें मृतकों को हार्ट अटैक आया था। NCRB के अनुसार इस तरह 2021 के मुकाबले 2022 में अचानक मौतों के मामले में 12 फीसदी का इजाफा हो गया।

राज्यों की पुलिस की ओर से



मिली जानकारी के आधार पर NCRB सालाना रिपोर्ट तैयार करता है। इस तरह अचानक मौतों में वे मामले भी हैं, जिनमें पुलिस केस नहीं हुआ था। पुलिस अचानक हुई मौतों को अप्रत्याशित निधन के तौर पर देखती है, जिसमें हिंसा से इतर किसी की मौत हो गई हो। अचानक मौतों की वजह की बात करें तो हार्ट अटैक के अलावा ब्रेन हैमरेज भी एक बड़ी वजह रही है। बता दें कि पिछले महीने एक स्टडी में बताया गया था कि अचानक मौतों और कोरोना वैक्सीन का कोई संबंध नहीं है।

दरअसल ऐसी भी चर्चाएं थीं कि कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले लोग अचानक मौतों का शिकार हो रहे हैं। फिर ICMR ने ऐसे मामलों का अध्ययन किया और रिपोर्ट में यह बात गलत निकली। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले दिनों सलाह दी थी कि जिन लोगों को कोरोना हुआ था, वे लोग कुछ सालों तक बहुत ज्यादा मेहनत और हाई इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज न करें।

NCRB का कहना है कि 2022 में कुल 3.9 लाख मौतों में 13.4 फीसदी मौतें अचानक हुई थीं। यही नहीं डेटा बताता है कि इन मौतों का शिकार होने वाले लोगों में पुरुषों की संख्या अधिक है। इनमें भी एक तिहाई लोगों की उम्र 45 से 60 बरस के करीब थी।

बीते साल अचानक होने वाली मौतों में सबसे ज्यादा 14,927 केस महाराष्ट्र से थे। इसके अलावा केरल में 6,607 और कर्नाटक में 5,848 थे। बता दें कि बड़ी संख्या में प्राकृतिक बीमारी या फिर घर पर ही अचानक हार्ट अटैक से मरने वाले लोगों के मामले पुलिस में दर्ज नहीं होते। इसलिए यह आंकड़ा कम भी हो सकता है। बीते साल भी इन राज्यों की रैंकिंग ऐसी ही थी। डेटा बताता है कि 2022 में हार्ट अटैक से 32,410 मौतें हुईं, जो बीते साल के मुकाबले 14 फीसदी अधिक है।

# केवल 15 राज्यों ने अपनाया केंद्र का मॉडल भूजल कानून

### पानी के स्रोतों और इस्तेमाल के नियमन और निगरानी पर ढीला ढाला रवैया

एजेंसी

नई दिल्ली। पानी की गंभीर चिंता के बावजूद एक तथ्य यह भी है कि केवल 15 राज्यों ने भूजल दोहन और रिचार्ज के नियम-कायदे तय करने वाले केंद्र के मॉडल कानून को अपनाया है। पानी का राज्यों का विषय है, इसलिए केंद्र सरकार इसकी निगरानी और नियमन के लिए सुझाव तो दे सकती है, लेकिन कोई बाध्यकारी प्रविधान नहीं कर सकती। इस मॉडल कानून को अपनाने के मामले में स्वाभाविक रूप से केंद्रशासित क्षेत्रों का रिकार्ड अच्छा है। छह केंद्रशासित प्रदेश इसे अपना चुके हैं।

### केवल 15 राज्यों ने अपनाया मॉडल

केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री बीरेश्वर टूडू ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया है कि अब तक केवल आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और बंगाल ने ही मॉडल भूजल कानून को अपनाया है- या तो उसके मूल स्वरूप में या फिर अपने हिसाब से किए गए संशोधन के मुताबिक।

केंद्र सरकार ने 2020 में यह मॉडल कानून राज्यों के साथ इस अपेक्षा के साथ साझा किया था कि वे इसी के अनुरूप स्थानीय जरूरतों के मुताबिक अपने-अपने कानून बनाकर लागू करेंगे, लेकिन उनकी रफ्तार बहुत धीमी है। मॉडल कानून हर क्षेत्र में भूजल के इस्तेमाल का नियमन करता है।

## शार्ट न्यूज

### चुनावी जीत को लेकर भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी का किया गया अभिनंदन

नई दिल्ली। (पीएमए) भाजपा संसदीय दल की बैठक में हाल ही में हुए विधान सभा चुनावों में तीन राज्यों -- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पार्टी को मिली जीत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों ने खड़े होकर तालियों और नारों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माला पहना कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान आगे की पंक्ति में प्रधानमंत्री मोदी और जेपी नड्डा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और पीयूष गोयल सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। यह माना जा रहा है कि संसदीय दल की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी संसद के चल रहे मौजूदा शीतकालीन सत्र की रणनीति को लेकर भाजपा के सांसदों को अहम निर्देश दे सकते हैं। चूंकि यह सत्र वर्तमान लोक सभा का आखिरी पूर्ण सत्र है, इसलिए आज की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी सांसदों को लोक सभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर कई अहम निर्देश और टास्क भी सौंप सकते हैं। विपक्षी गठबंधन की रणनीति को देखते हुए भी प्रधानमंत्री सांसदों को पार्टी की रणनीति के बारे में बताते हुए इस बात को लेकर भी टिप्स देंगे कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को किस तरह से आम जनता के बीच पहुंचाया जाए और लाभार्थियों के साथ संपर्क स्थापित किया जाए।

### नाहन में मनाया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में गुरुवार से 31 दिसंबर तक मनाए जा रहे सशस्त्र सेना दिवस की कड़ी में जिला स्तरीय सेना झण्डा दिवस की शुरूआत जिला मुख्यालय नाहन से की गई। जिला सैनिक बोर्ड के उप निदेशक मेजर दीपक धवन ने उपायुक्त को झण्डा भेंट किया। उपायुक्त ने सशस्त्र सेना निधि के लिये एक सौ रुपये का अंशदान किया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड सुमित खिमटा ने जिला के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से सशस्त्र सेना निधि में झंडे के सम्मान में अंशदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निधि में जमा किया गया धन प्रदेश के सैनिक वर्ग के कल्याणकारी कार्यों के लिये व्यय किया जाता है जिसमें विधवाएं, अपंग सैनिक, सैनिकों के आश्रित और बेसहारा सैनिकों को समय-समय पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मेजर दीपक धवन ने कहा कि जिला के समस्त विभागाध्यक्षों को झंडे उपलब्ध करवाए गए हैं जिसमें स्कूली बच्चों से पांच रुपये प्रति झण्डा व स्टाफ से 10 रुपये प्रति झण्डा की दर से राशि एकत्र करने की अपील की गई है। इसके अलावा, मेजर धवन ने उपायुक्त से अन्य विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

### राजनाथ ने चेन्नई और उसके आसपास चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

चेन्नई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चेन्नई और उसके आसपास बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से मुलाकात कर चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के बारे में चर्चा की। हवाई सर्वेक्षण के दौरान तमिलनाडु के वित्त एवं मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री थंगम थेनारासु और मुख्य सचिव शिव दास मीना रक्षा मंत्री के साथ थे। सिंह और स्टालिन के बीच हुयी बैठक के दौरान केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। श्री सिंह ने श्री मुरुगन की मौजूदगी में हवाई सर्वेक्षण के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर संकट को कम करने के लिए प्रभावी प्रतिक्रिया संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय तट रक्षक, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य केंद्रीय एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्यों में राज्य सरकार की सहायता कर रही हैं और स्थिति को सामान्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ जा रही है।

### विधानसभा से बर्खास्त 232 कर्मियों के मामले में सुनवाई अंतिम दौर में, अब सचिवालय रखेगा पक्ष

नैनीताल। उत्तराखंड विधानसभा से हटाये गये 232 तदर्थ कर्मियों के मामले में सुनवाई अंतिम दौर में पहुंच गयी है। गुरुवार को याचिकाकर्ताओं की ओर से सुनवाई पूरी कर ली गयी है। अब विधानसभा सचिवालय अपना रखेगा। न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की पीठ में इस प्रकरण की सुनवाई चल रही है। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से लंबी बहस की गयी और कई दौर की सुनवाई में अपना पक्ष रखा गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से शीर्ष अदालत के अधिवक्ता देवदत कामत और पूर्व महाधिवक्ता बीबीएस नेगी पैरवी कर रहे हैं। कामत और बीबीएस नेगी की ओर से आज बहस पूरी कर ली गयी है। अब विधानसभा सचिवालय की ओर से दिल्ली के अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी की ओर से अपना पक्ष रखा जाना है। आगामी सोमवार को अगली की तिथि तय है। याचिकर्ताओं की ओर से जिस तीन सदस्यीय जांच कमेटी की सिफारिश पर सभी को हटाया गया है, उसकी वैधानिकता पर सवाल उठाये गये। साथ ही कहा गया कि मुख्यमंत्री के पत्र पर विधानसभा सचिवालय की ओर से कार्यवाही की गयी है। सरकार को विधानसभा के कार्यों में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है।

### उर्स के लिए स्पेशल रेलगाडियों के संचालन पर किया विचार विमर्श

अजमेर। राजस्थान में उत्तर पश्चिमी रेलवे के अजमेर मंडल ने ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812 वें सालाना उर्स के लिये मेला स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन पर विचार विमर्श किया। अजमेर में कचहरी रोड स्थित रेलवे के आफिसर्स क्लब में वरिष्ठ मंडल परिचालन जितेंद्र मीणा की अध्यक्षता में हर वर्ष की भांति ख्वाजा गरीब नवाज के वार्षिक उर्स मेले में जायरिनों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियों के संचालन , उनकी समय सारिणी व अन्य व्यवस्थाओं के लिए गुरूवार को बैठक हुई। बैठक में दरगाह कमेटी एवं अंजुमन कमेटियों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया और उनके विचारों को साझा किया गया। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जितेंद्र मीणा ने बताया कि रेलवे द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्स के दौरान जायरीन हेतु विशेष प्रबंध किये जायेंगे। उर्स मेले के दौरान विगत वर्षों की भाति विशेष यात्री गाड़ियों का संचालन किया जायेगा। दरगाह कमेटी के उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे भी रेलवे को यथासंभव सहयोग प्रदान करे। दरगाह के प्रतिनिधियों को जायरिनों हेतु रेलवे की ओर से यात्रियों को अधिकाधिक सुविधा व यथासंभव विशेष रेल गाड़ियां चलाने का आश्वासन दिया गया।

### मुख्यमंत्री ने 348.10 करोड़ रुपए की 452 योजनाओं का किया-उद्घाटन शिलान्यास

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हम उनसे ने कहा कि अबुआ सरकार एयर कंडीशन कमरे से नहीं चल रही है और यह सरकार घर-घर पहुंच रही है। सोरेन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड स्थित मानपुर पंचायत में आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह सरकार जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता से सुन रही है और उसका समाधान कर रही है। उन्होंने कहा - यह एक महाअभियान है, जिसके माध्यम से आपको पूरे मान-सम्मान के साथ आपका अधिकार देने सरकार आपके दरवाजे पर पहुंच रही है । आप अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ें और खुद को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशकों के दौरान अधिकारी और जनता के बीच की दूरी कुछ ऐसी थी कि ग्रामीणों को अधिकारी से मिलने के लिए उनके दफ्तर का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन, आज स्थितियां बदल चुकी है। अब अधिकारी बड़ा हो या छोटा, वे आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं और आपकी दु:ख-तकलीफों को दूर करने के साथ आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं। सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी पंचायतों में आपकी योजना -आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लग रहे हैं। इन शिविरों को लेकर ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

# ग्रेनो प्राधिकरण को देने होंगे सरकारी जमीन के पुनर्ग्रहण के 534 करोड़

## 32 गांवों की 148.7800 हेक्टेयर सरकारी जमीन का है बकाया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो प्राधिकरण को सरकारी जमीन के पुनर्ग्रहण का पैसा सरकार को देना होगा। इस संबंध में शासन ने प्राधिकरण को पैसा जमा कराने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने अब तक 32 गांवों में 148.7800 हेक्टेयर जमीन का पुनर्ग्रहण किया है, लेकिन करीब 534 करोड़ रुपये राजस्व जमा नहीं किया है। इस संबंध में प्रशासन की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया था जिसका संज्ञान लेकर कार्रवाई की गई है।

प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम समाज व सार्वजनिक उपयोग की जमीन है, जो प्राधिकरण की योजनाओं के बीच आ रही है। ऐसे में प्राधिकरण सरकारी जमीन पुनर्ग्रहण कर रहा है। प्राधिकरण को इसका मूल्य सरकार




को देना होता है, लेकिन प्राधिकरण ने ऐसा नहीं किया।

प्रशासनिक अफसरों ने बताया कि प्राधिकरण ने वर्ष 2014 से 2016 के बीच 32 गांवों में 148.7800 हेक्टेयर सरकारी जमीन ली थी, लेकिन इसके लिए 534 करोड़ रुपये का राजस्व जमा नहीं कराया। इसके लिए प्रशासन ने दो बार शासन को प्रस्ताव भेजा था। अब सरकार ने प्राधिकरण को सरकारी जमीन का पैसा जमा कराने का आदेश दिया है।

### स्कूल-कॉलेज की एनओसी से शुरू हुआ टकराव

प्राधिकरण ने स्कूल और कॉलेजों को भूखंड आवंटित किए। इसके बाद स्कूलों ने सीबीएसई से मान्यता मांगी। सीबीएसई के आवेदन पर प्रशासन से दो बिंदुओं पर अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा, लेकिन आवंटित भूखंडों में सरकारी जमीन भी शामिल थी। प्राधिकरण ने इसका पैसा जमा नहीं कराया।

इस कारण प्रशासन अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं कर पाया। अब प्रशासन ने पैसों की मांग की तो प्राधिकरण ने भी अपनी जमीन के पैसों की मांग रख दी। इसके बाद टकराव शुरू हुआ और मामला शासन तक पहुंच गया।

### आवंटियों को उठानी पड़ रही है परेशानी

सरकारी जमीन के पुनर्ग्रहण मूल्य का मामला प्राधिकरण, प्रशासन और शासन के बीच का है, लेकिन इसका असर स्कूल और कॉलेजों के भूखंड आवंटियों पर पड़ रहा है। उन्हें सीबीएसई से मान्यता नहीं मिल पा रही है।

मान्यता लेने के लिए काफी स्कूलों ने स्वयं ही मूल्य जमा करा दिया। जबकि यह धनराशि प्राधिकरण को देनी होती है। पिछले दो वर्ष में 30 से अधिक आवंटियों के समक्ष यह समस्या आ चुकी है।

# सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के नेता दिल्ली प्रदर्शन में होंगे शामिल

एजेंसी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने गुरुवार को बलवंत सिंह राजोआना की सजा माफी और सभी बंदी सिखों की रिहाई को लेकर ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

इस बैठक के दौरान फेडरेशन नेताओं ने बंदी सिखों को लेकर 20 दिसंबर को दिल्ली में शिरोमणि कमेटी द्वारा किये जाने वाले विरोध प्रदर्शन में पूर्ण रूप से भाग लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न फेडरेशन नेताओं ने कहा कि राजोआना समेत एसजीपीसी-एसएसएफ-प्रदर्शनबंदी सिखों का मुद्दा एक साझा राष्ट्रीय मुद्दा है, जिसमें फेडरेशन अग्रणी भूमिका निभाएगी।

शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि बलवंत सिंह राजोआना की सजा माफी को लेकर शिरोमणि कमेटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत 20 दिसंबर 2023 को दिल्ली में एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

जिसे आज महासंघ के सभी प्रतिनिधि नेताओं ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन नेताओं की आज की बैठक में बलवंत सिंह राजोआना से पुरजोर अपील की गई कि वह श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा कल लिए गए फैसले अनुसार अपनी भूख हड़ताल खत्म करें।

उन्होंने कहा कि पूरा पंथ राजोआना के साथ है और आज फेडरेशन नेताओं की बैठक में इस संबंध में संघर्ष तेज करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। धामी ने कहा कि महासंघ नेताओं की बैठक में सभी दलों की एकता का सकारात्मक विचार भी सामने आया है, जिसकी जिम्मेदारी और अधिकार उन्हें (धामी) को दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह अच्छा विचार है, जिसे क्रियान्वित किया जायेगा।

# एनआईए ने की लश्कर के दो आतंकवादियों की सम्पत्तियां जब्त

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के काफिले पर 2015 में हुए आतंकी हमले में कथित संलिप्तता को लेकर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो प्रमुख कार्यकर्ताओं की संपत्तियों को जब्त कर लिया।

05 अगस्त 2015 को उधमपुर जिले के नरसू गांव में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हमले में बीएसएफ के दो जवान शहीद हो गए थे और 13 अन्य घायल हुए थे। वहीं, सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया और दूसरे आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसकी पहचान नावेद के रूप में हुयी। एनआईए ने बताया कि जिन दो आरोपियों की संपत्ति आज दक्षिण कश्मीर में कुर्क की गई है, उन्हें भी बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। मौजूदा समय में उनके खिलाफ जम्मू स्थित एनआईए की विशेष अदालत में मुकदमा चल रहा है। एनआईए जांच के अनुसार दोनों की पहचान फैयाज अहमद इटू उर्फ फैयाज खार और खुर्शीद अहमद भट उर्फ खुर्शीद आलम भट्ट सूर्या के रूप में की गयी। ये दोनों प्रतिबंधित पाकिस्तान समर्थित लश्कर आतंकवादी संगठन के सदस्य हैं। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, एनआईए की दिल्ली शाखा द्वारा 2015 में दर्ज मामले के सभी प्रमुख आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है और उन पर रणबीर दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश अधिनियम 1920) और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम 1967 के विभिन्न प्रावधानों के तहत मुकदमा चल रहा है। एनआईए ने बताया कि मौजूदा मामले में चार अचल संपत्तियां जब्त की गयी, जिनमें कुलगाम जिले के खुदवानी, कैमोह गांव में फैयाज इटू का एक मंजिला आवासीय घर और खुर्शीद भट और सेल की जमीन के दो भूखंडों के साथ एक दो मंजिला आवासीय घर शामिल है।

# नोएडा : अवैध रूप से चल रहे 32 कोचिंग सेंटर बंद

## जमा नहीं किए रजिस्ट्रेशन दस्तावेज, 12 टीमें जनपद में कर रही सर्च

नोएडा। नोएडा में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर चल रहे है। ये कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते है। इनका रजिस्ट्रेशन नहीं है। राजस्व का नुकसान कर रहे है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम तक नहीं है। ऐसे करीब 32 कोचिंग सेंटर को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बंद कराया है।

जिला विद्यायल निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि लगातार इस तरह की शिकायत मिल रही थी कि अवैध कोचिंग चलाकर यहां का संचालन कर्ता बच्चों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के नाम पर मोटी फीस वसूल रहे है। इन सभी कोचिंग संचालन कर्ता ने उप्र कोचिंग विनियमन नियमावली 2022 का उल्लंघन किया है। ये कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि नियम विरुद्ध चल रहे कोचिंग सेंटर पर शिकंजा कसने के लिए 12 टीमें बनाई गई है। इन टीमों ने जिले भर में अभियान चलाकर 32




कोचिंग सेंटरों की सूची बनाई गई थी। इन कोचिंग सेंटर को नोटिस जारी कर पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मुहैया कराने के आदेश दिए थे, लेकिन किसी ने भी दस्तावेज जमा नहीं कराए। विभाग ने सभी 32 कोचिंग सेंटरों पर ताला जड़ दिया है, इसके बाद भी कोचिंग सेंटर अगर चलते पाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### इन कोचिंग सेंटरों को किया गया बंद

एचडी क्लासेज भंगेल
नक्श कोचिंग
ज्ञान एकेडमी
धीगंल कोचिंग सेंटर
केशव फिजिकल डिफेंस एकेडमी
लाल बहादुर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
एपेक्स
सत्यम कोचिंग सेंटर
रोजगार विद अत्री
आरके एकेडमी
एक्सीलेंट एजुकेशन हब
एंट्रोफी क्लासेज
मार्गदर्शन क्लासेज
जेमब्री कोचिंग सेंटर
एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ कंपटीशन
विद्या मंदिर क्लासेज
यूथ कोचिंग सेंटर
सरस्वती कोचिंग सेंटर
एक्सीलेंट एजुकेशन हब
परिवर्तन एकेडमी
राजेश स्टडी प्वाइंट
जयबालाजी कोचिंग सेंटर
सुमिता क्लासेज
प्राइम एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड
एपेक्स कंपिटीशन एकेडमी
मेंटर दा लेंग्वेज इंस्टीट्यूट
वेक्टर क्लासेज
टेक्सास रिव्यू कोचिंग सेटर
मास्टर क्लासेज
एमएस कोचिंग क्लासेज
प्रयास कोचिंग सेंटर, मैथ एकेडमी,
संचित इंस्टीट्यूट।

### गांव के बाजारों में चल रही थी कोचिंग

इनमें से अधिकांश कोचिंग गांव के बाजारों में कमरा किराए पर लेकर चल रही थी। जहां तक पहुंचना भी आसान नहीं है।

इनमें से अधिकांश एक कमरों में थी। जहां सुरक्षा मानकों का कोई इंतजाम नहीं था। यानी यहां यदि आग या कोई और हादसा हो जाए तो बड़ी घटना हो सकती है।

### शिफ्ट में चलती थी क्लासेस

इस कोचिंग सेंटर में शिफ्ट में बच्चों की क्लासेस चलती थी। एक बैच में करीब 30 बच्चे होते है। ये सुबह के समय दो से तीन फिर शाम को दो से तीन शिफ्टों में यहां बच्चों पढ़ाया जाता था।

# प्रदेश सरकार सुलभ, किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नित नए प्रयोग, तकनीक और अनुसंधानों का उपयोग कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। राज्य में इस क्षेत्र में आवश्यक अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए, सरकार प्रदेशभर में 40 शहरी स्वास्थ्य और वेलनेस सेंटर स्थापित करने पर विचार कर रही है।

यह केंद्र राज्य के लोगों को घर-द्वार के समीप आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में नई आशा की किरण साबित होंगे। प्रत्येक शहरी स्वास्थ्य और वेलनेस सेंटर में एक



समर्पित स्वास्थ्य टीम होगी, जिसमें एक चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का विस्तार और सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। सार्वभौमिक व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, मरीजों की संख्या और मृत्यु दर कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे दूसरे और तीसरे स्तर के ईलाज की आवश्यकता कम होती है, जिससे उपचार पर होने वाला खर्च भी कम होता है।

वर्तमान में, एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 50,000 व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। इस दूरदर्शी और महत्त्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य प्रत्येक शहरी स्वास्थ्य वेलनेस केन्द्र द्वारा लगभग 20,000 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है ताकि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रणनीतिक पहल अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आय से ज्यादा संपत्ति जुटाने वाले 17 इंजीनियरों को नोटिस

रांची। (पीएमए) आय से अधिक संपत्ति के मामले में चिह्नित किए गए झारखंड के 17 इंजीनियरों को राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो ने नोटिस भेजा है। आरोप है कि इन्होंने अवैध तरीके से खुद और अपने परिवार जनों के नाम पर अवैध तरीके से संपत्ति जुटाई है। इन इंजीनियरों से उनकी आय और संपत्ति दोनों का ब्योरा पेश करने को कहा गया है। एसीबी की अलग-अलग ब्रांच में इनके खिलाफ प्रीलिमिनरी इंक्वायरी (पीई) दर्ज कर जांच शुरू की गई है। ज्यादातर इंजीनियर पथ निर्माण, जल संसाधन, पेयजल और ग्रामीण कार्य विभाग में पोस्टें हैं। पथ निर्माण विभाग में अभियंता प्रमुख के पद पर पदस्थापित इंजीनियर रास बिहारी सिंह के पास आय से 199 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिल चुकी है। सरकार ने इन्हें निलंबित भी किया था।

# सफ़ाई सेवक से प्रति महीना रिश्वत मांगने के आरोप में नंबरदार गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने नगर निगम ज़ोन ए, लुधियाना के नंबरदार पंकज कुमार को एक सफ़ाई सेवक से पांच हजार रुपए प्रति महीना रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि शिकायतकर्ता अशोक कुमार निवासी गाँव मत्तेवाड़ा, लुधियाना ने उक्त आरोपी पंकज कुमार नंबरदार के ख़िलाफ़ मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन में शिकायत दर्ज करवाई और आरोप लगाया कि वह लुधियाना शहर के प्रेम विहार इलाके में सफ़ाई सेवक के तौर पर सुबह छह बजे से 11 बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक काम करता है। उसने बताया कि आठ सौ मीटर के घेरे में काम करने की हिदायतों के बावजूद, उसको 2400 मीटर का क्षेत्र दिया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी नंबरदार ने उसे ड्यूटी से पूरी तरह छूट देने के लिए पांच हजार रुपए महीना रिश्वत की माँग की, जिससे शिकायतकर्ता ने इन्कार कर दिया। इसके अलावा पंकज कुमार ने दोपहर की पाली में ड्यूटी से छूट देने के लिए दो हजार रुपए प्रति महीना रिश्वत की माँग की।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि सबूतों समेत ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई, जिसमें शिकायतकर्ता ने पंकज कुमार के साथ की सारी बातचीत रिकार्ड कर ली। इस रिकाडिंग में पंकज कुमार दोपहर की शिफ्ट में ड्यूटी से छूट देने के लिए दो हजार रुपए प्रति महीना की बजाय एक हजार रुपए लेने के लिए सहमत हो गया। लुधियाना के डी. एस. पी. सतर्कता ब्यूरो इकाई की तरफ से पड़ताल करने के उपरांत दोषों की पुष्टि हो गई।

# पंजाब भाजपा के एससी मोर्चा के 35 जिला प्रभारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** पंजाब प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा के 35 जिला प्रभारियों की नियुक्तियां की गई हैं।

प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एस.आर. लधर की ओर से की गई इन नियुक्तियों को लेकर पार्टी की गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति जारी की गई जिसके अनुसार अमृतसर-ग्रामीण जिला प्रभारी सुरिंदर टिंकू, अमृतसर शहरी-गगनदीप सिंह, बरनाला-सुरजीत सिंह सिद्धू, बटाला-दविंदर पहलवान ,बठिंडा ग्रामीण-हरदीप सिंह, बठिंडा शहरी-जसपाल पंजगराई, फरीदकोट-मंजीत सिंह बुट्टर, फतेहगढ़ साहिब-नरिंदर कौर गिल, फाजिल्का-मनी सभरवाल, फिरोजपुर-पूरन चंद, गुरदासपुर-सतनाम सिंह उमरपुरा, होशियारपुर-बलकीस राज, होशियारपुर ग्रामीण-सुरिंदर मेसुमपुरी, जगरांव-मोहन सिंह लालका, जालंधर शहरी-जगदीश जस्सल, जालंधर उत्तर-ओम प्रकाश बिद्धू, जालंधर दक्षिण-निर्मल सिंह नाहर, कपूरथला - के. रॉबिन, खन्ना-दलीप सिंह, लुधियाना ग्रामीण-सुधा खन्ना, लुधियाना शहरी-बलबीर सिंह, मालेरकोटला-अजय परोचा, मानसा-अंजना, मोगा-बलविंदर सिंह गिल, मोहाली-गुलजार खन्ना, मुक्तसर साहिब-बलविंदर सिंह, नवांशहर-सुरिंदर पाल भट्टी, पठानकोट-करमजीत सिंह जोश, पटियाला उत्तर-एडवोकेट लछमन सिंह, पटियाला दक्षिण-बलवंत राय , पटियाला शहरी-रांझा बख्शी, रोपड़-कुलदीप सिंह सिंधूपुरा,संगरूर-एक राजिंदर सिंह, संगरूर-दो लाभ सिंह और तरनतारन साहिब के लिये वरिंदर भट्टी को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### हरियाणा विस के तीन दिन के सत्र में पूछे जाएंगे 60 प्रश्न

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के 15 दिसम्बर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र के प्रश्नकाल के दौरान कुल 60 प्रश्न पूछे जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता की देखरेख में गुरुवार को प्रश्नों का ड्रा हुआ जिसमें 60 प्रश्न निकाले गये। ये प्रश्न 38 विधायकों के हैं जो सत्र का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा सचिवालय को सदस्यों की ओर से कुल 378 प्रश्न प्राप्त हुये हैं। इनमें से 38 विधायकों ने 222 तारांकित प्रश्न पूछे हैं। इसके अलावा 24 विधायकों ने 156 अतारांकित प्रश्न पूछे हैं। एक गैर सरकारी संकल्प की सूचना भी मिली है। सत्र के लिये 32 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और एक अल्पावधि प्रस्ताव और एक कार्य स्थगन प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

# जल्द ही 100 और आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित करेगी सरकार : मान

एजेंसी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को कहा कि पंजाब सरकार राज्य के निवासियों को मानक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जल्दी ही 100 और आम आदमी क्लीनिक समर्पित करेगी।

आज यहाँ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कामकाज का जायज़ा लेते हुये मुख्यमंत्री मान ने कहा कि सरकार राज्य में प्राइमरी स्वास्थ्य देखभाल की कायाकल्प करने के लिए वचनबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 664 आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किये हैं जहाँ 84 ज़रूरी दवाएँ और 40 से अधिक परीक्षण की सुविधा मुफ़्त मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में



100 और क्लीनिक लोगों को समर्पित करने से मानक स्वास्थ्य सेवाएं यकीनी बनाई जा सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक राज्य में स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को मज़बूत करने में वरदान साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों का अब तक 80 लाख से अधिक लोगों ने लाभ लिया है।

मान ने कहा कि इन क्लीनिकों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी तबदीली लाई है जिससे आम आदमी को बहुत फ़ायदा हुआ है।

एक अन्य मुद्दे पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में नये बन रहे मेडिकल कॉलेजों को चालू करने के लिए प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 सालों बाद राज्य में सिर्फ़ तीन मेडिकल कॉलेज खुले हैं। उन्होंने कहा कि अब आगामी एक साल में राज्य में पाँच और मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद ज़ाहिर की कि आने वाले सालों में एक-एक मैडीकल कालेज राज्य के हरेक जिले में खुलेगा और विश्वास दिलाया कि आम आदमी इसका लाभ उठा सके। उन्होने कहा कि इससे राज्य के विद्यार्थियों को मानक इलाज और डाक्टरी शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

## शार्ट न्यूज

### भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने मांगी माफी



**नई दिल्ली।** अमरोहा सांसद दानिश अली पर विवादित टिप्पणी के मामले में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने माफी मांगी है। गुरुवार को लोकसभा विशेषाधिकार समिति की बैठक में सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा के दानिश अली के खिलाफ अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए खेद व्यक्त किया है। इस दौरान समिति के सामने दानिश अली भी मौजूद रहे। घटना को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संसद में कार्यवाही के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी चंद्रयान-3 मिशन और इसरो की सफलता पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की सरकार की तारीफ की थी। जिस पर बसपा सांसद कुंवर दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी के संबोधन के बीच उठकर कुछ सवाल उठाए थे। इसके बाद भाजपा सांसद ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए इस पर अपनी नाराजगी जताई थी। घटना के दूसरे दिन सांसद दानिश अली ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि उनके खिलाफ सदन में जैसी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई, उससे वह बेहद आहत हैं। वह रात को सो नहीं पाए। अपनी बात रखते हुए सांसद की आंखें भर आईं थीं।

### सड़क हादसे में जीजा-साली की मौत

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़ी बोले रो से बाइक टकरा गई। बाइक सवार जीजा और साली की मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। थाना सेक्टर-142 प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि सेक्टर 145 मेट्रो स्टेशन के सामने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़ी बोले रो पिकअप से तेज गति में आ रही बाइक टकरा गई है। इस हादसे में एक युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को तुरंत फेलिक्स अस्पताल लेकर पहुंची। फेलिक्स अस्पताल में घायल कुलदीप पुत्र हाकिम सिंह निवासी अलीगढ़ की मौत हो गई, जबकि किरण की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे कैलाश अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान किरण ने भी दम तोड़ दिया। दरअसल, कुलदीप अपनी साली किरण के साथ नोएडा से परी चौक की तरफ जा रहा था। बाइक की गति तेज होने के कारण उसकी बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी बोले रो पिकअप से टकरा गई। बोले रो पिकअप चालक हरे राम ने अपनी गाड़ी सड़क किनारे साइड पर खड़ी की थी। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

### दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह शातिर किस्म के लुटेरे होने के अलावा गांजा तस्कर भी हैं, जो चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गांजे की तस्करी किया करते थे। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल और 3 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। दरअसल थाना बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर एटीएस गोलचक्कर के पास से दो शातिर लुटेरों देवन व बंटी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक बाइक व 3 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। यह क्षेत्र में गांजे की तस्करी करने के लिए आए हुए थे लेकिन पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर इन्हें गिरफ्तार कर लिया। बीटा 2 थाना प्रभारी ने बताया कि यह दोनों बड़े ही शातिर किस्म के अपराधी हैं जो कि स्नैचिंग, चोरी, वाहन चोरी व गांजा तस्करी की घटनाएं नोएडा, ग्रेटर नोएडा व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में करते थे।

# दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन से जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट

ग्रेटर नोएडा । (पीएमए) जेवर में बन रहे देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन और दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन से कनेक्ट किया जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा रेलवे जंक्शन बनाया जाएगा। इस काम के लिए उत्तर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अनिल कुमार लाहोटी अध्यक्ष भारत सरकार रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड नई दिल्ली को पत्र भेजा था। जिसकी मंजूरी मिल गई है। अब इसकी (डीपीआर) Detailed Project Report बनाने की जिम्मेदारी उत्तर मध्य रेलवे को मिलेगी।

### तीनों प्राधिकरण के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा ने की बैठक

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने सोमवार को कनेक्टिविटी को लेकर ऑनलाइन बैठक की थी। इसमें गौतमबुद्ध नगर के तीनों प्राधिकरण के साथ एनसीआरटीसी और उत्तर मध्य रेलवे के अफसरों ने शिरकत की थी। इस बैठक में नोएडा एयरपोर्ट को रेलमार्ग से जोड़ने पर चर्चा हुई। यमुना प्राधिकरण ने पहले रेल मंत्रालय को नोएडा एयरपोर्ट को रेलमार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव भेजा था।

### अगले दो महीने में तैयार होगी रिपोर्ट

बैठक में एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग से जोड़ने पर सहमति बन गई। इसके लिए दो रूट बनाए जाएंगे और जेवर में बड़ा रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। इसकी डीपीआर उत्तर मध्य रेलवे बनाएगा। दरअसल इस पर रेलवे पहले से काम



कर रहा है, इसलिए डीपीआर अगले दो महीने में तैयार होने जाने की उम्मीद है।

### फिलहाल कोई रेलवे कनेक्टिविटी नहीं

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को रेल कनेक्टिविटी नहीं है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से लगभग 30 किलोमीटर का रोड लिंक का निर्माण कार्य एनएचएआई कर रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पैसेंजर के अलावा कार्गो हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा एयरपोर्ट के आस-पास दर्जनों इंडस्ट्रियल सेक्टर बसाए जा रहे है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सिटी, लॉजिस्टिक हब, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क और फिल्म सिटी समेत कई अहम प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### नोएडा एयरपोर्ट से कैसे गुजरेगी रेलवे लाइन

ईस्टर्न फ्रंट कॉरिडोर जो कोलकाता से लेकर अमृतसर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पूर्वी इलाके से गुजर रहा है। यह रेल लाइन चोला रेलवे स्टेशन के पास से जा रही है। दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन एयरपोर्ट के पश्चिम में हरियाणा के पलवल स्टेशन से के पास से गुजर रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास पैसेंजरों की सुविधा को देखते हुए एक-एक रेलवे स्टेशन बनाने का प्रस्ताव है। चोला से पलवल के बीच नई रेलवे लाइन बनाने की अनुमति प्रदान की जाए। जिससे की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के दो बड़े रेल नेटवर्क दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई से कनेक्ट हो सके। इनके बन जाने से पैसेंजर के अलावा कार्गो के लिए भी उपयोगी होगा। चीफ सेक्रेटरी ने भविष्य की जरूरत को देखते हुए नई रेलवे लाइन का निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

### इस तरह से स्टेशनों को आपस में जोड़ा जाएगा

दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग से एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए पलवल से लाइन आएगी। रेलवे इस पर पहले से काम कर रहा है। पलवल से जेवर एयरपोर्ट वाया खुर्जा तक यह लाइन बनाई जाएगी। इसकी दूरी करीब 55 किलोमीटर है। पलवल से नोएडा एयरपोर्ट 27.6 किलोमीटर है। नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग से जोड़ने के लिए चोला रेलवे स्टेशन तक लाइन बिछाई जाएगी। यह कॉरिडोर करीब 20 किलोमीटर का होगा।

# मोदी शुक्रवार लाल किले में करेंगे भारत के पहले सांस्कृतिक बिएननेल का उद्घाटन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वेनिस, सिडनी और अन्य शहरों में आयोजित किए जाने वाले विश्व के प्रसिद्ध सांस्कृतिक उत्सवों की तरह भारत में भी लाल किले पर प्रथम भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन बिएननेल (आईएएडीबी) 2023 का उद्घाटन करेंगे। यह उत्सव लोगों के लिए 09-15 दिसंबर तक चलेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उद्घाटन समारोह शाम होगा और इस दौरान प्रधानमंत्री लाल किले पर आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिजाइन और विद्यार्थी बिएननेल (समुन्नति) का भी उद्घाटन करेंगे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि लाल किला बिएननेल वेनिस, साओ पाउलो, सिंगापुर, सिडनी और शारजाह आदि में आयोजित किए



जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय बिएननेल की तरह भारत में भी एक वैश्विक सांस्कृतिक उत्सव को संस्थागत रूप देने के प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुरूप है।

इस सोच के अनुरूप संग्रहालयों को रीइन्वेंट, रीब्रांड, नवीनीकृत और पुनः स्थापित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।

बयान में कहा गया है कि भारत के पांच शहरों कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और वाराणसी में सांस्कृतिक स्थलों के विकास की भी घोषणा की गई है। बयान के अनुसार भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन बिएननेल (आईएएडीबी) दिल्ली में सांस्कृतिक स्थल के प्रारंभ के रूप में काम करेगा।

आईएएडीबी कलाकारों, वास्तुकारों, डिजाइनरों, फोटोग्राफरों, संग्राहकों, कला पेशेवरों और जनता के बीच समग्र वार्तालाप शुरू करने और सांस्कृतिक संवाद को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उभरती अर्थव्यवस्था के हिस्से के रूप में कला, वास्तुकला और डिजाइन के रचयिताओं के साथ विस्तार और सहयोग करने के मार्ग और अवसर भी प्रदान करेगा।

आईएएडीबी सप्ताह के प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय पर आधारित प्रदर्शनियां लगायी जाएंगी ।

## नगर पालिका की गाड़ी ने मासूम को कुचला : मौके पर मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के राशिद अली गेट पर लोनी नगर पालिका परिषद की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ने 6 साल के मासूम को कुचल दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने रोड जाम कर दिया। पुलिस मौके पर है, लेकिन लोगों ने शव को उठाने नहीं दिया है। गुरुवार को समय सुबह करीब 8: 00 बजे नगर पालिका परिषद लोनी की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ने वासिल पुत्र वाहिद (6) निवासी निठूरा रोड लोनी को कुचल दिया। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इसी समय हादसा हुआ। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बच्चे की डेडबॉडी को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया, जाम लगा दिया। पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी है।

## ट्रांसपोर्ट क्षेत्र को और ज्यादा मजबूत करे सरकार : महेंद्र गोयल

**नई दिल्ली।** हमारे देश के विकास में ट्रांसपोर्ट क्षेत्र की बहुत लोग मदद करते रहते है। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण नाम है श्री महेंद्र गोयल का। नर सेवा, नारायण सेवा को अपना ध्येय मानकर काम कर रहे महेंद्र गोयल पिछले 22 वर्षों से देश कल्याण और जनकल्याण से जुड़े हुए हैं। महेंद्र गोयल ने सरकार से मांग की है सरकार लोजिस्टिक और ट्रांसफॉर्मेशन के लिए और अधिक सुविद्याएँ बढ़ाए, ताकि वे भी आगे बढ़कर इस क्षेत्र में उन्नति के लिए अधिक से अधिक योगदान दे सकें।

उल्लेखनीय है कि महेंद्र गोयल फ्लाइंग श्री बालाजी लोजिस्टिक्स और नर सेवा नारायण सेवा फाउंडेशन के कई वर्षों से निदेशक हैं।

वे इन दोनों ही संस्थानों की बारीकियों और तक निकिओं से भली-भांति से परिचित हैं। वे अच्छे से जान्ते है इन दोनों क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को बेहतर सुख- सुविधाएं प्रदान नहीं कि जा सकती हैं। इसी को ध्यान में रखकर महेंद्र गोयल ने पूरे भारत के सभी बड़े शहरों में अपने कार्यालयों की शाखाएं खोली हैं।

उल्लेखनीय है कि महेंद्र गोयल फ्लाइंग श्री बालाजी लोजिस्टिक्स और नर सेवा नारायण सेवा फाउंडेशन के कई वर्षों से निदेशक हैं। वे इन दोनों ही संस्थानों की बारीकियों और तक निकिओं से भली-भांति से परिचित हैं। वे अच्छे से जानते है जबतक इन दोनों क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को बेहतर सुख- सुविधाएं प्रदान नहीं कि जा सकती हैं। इसी को ध्यान में रखकर महेंद्र गोयल ने पूरे भारत के सभी बड़े शहरों में अपने कार्यालयों की शाखाएं खोल दी हैं।

महेंद्र गोयल जी का अतुलनीय योगदान सिर्फ ट्रांसपोर्ट क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। वे पौधरोपणन, शिक्षा शिविर, स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर आदि के जरिए भी नई पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन देते रहे और हैं।

# अनाथ विद्यार्थियों के लिए डीयू ने आयोजित किया 'हमें आप पर गर्व है' कार्यक्रम

**कुलपति ने कहा : दिल्ली विश्वविद्यालय है आपके साथ, हम हैं आपके अभिभावक**






नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में पहली बार शुरू किए गए अनाथ कोटा के तहत प्रवेश पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों के अभिनंदन के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमें आप पर गर्व है नाम से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आप यह मत सोचना कि आप अकेले हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय आपके साथ है और हम आपके अभिभावक हैं। किसी भी दिक्कत की स्थिति में आप हम से संपर्क कर सकते हैं।

कुलपति ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने शताब्दी वर्ष में अनाथ बच्चों के लिए सीटों के आरक्षण के प्रावधान का अहम निर्णय लिया था। इसके तहत दाखिलों में आरक्षण की श्रेणियों में एक अतिरिक्त श्रेणी जोड़ी गई थी। इसके माध्यम से विश्वविद्यालय के कॉलेजों और विभागों में प्रत्येक प्रोग्राम में 2 विद्यार्थियों (एक पुरुष और एक महिला) के लिए सीटों का आरक्षण निर्धारित किया गया था। कुलपति ने इस कोटे के तहत डीयू में दाखिल हुए विद्यार्थियों से कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सब मेधावी हैं और ज़िंदगी में काफि अच्छा करेंगे। आपको इतिहास बनाने वाले होना चाहिए। आपको अच्छे से पढ़ाई करके खुद को मजबूत बनाना है और भविष्य में देने वाले बनना है।

इस अवसर पर कुलपति ने डीएसडब्ल्यू प्रो. पंकज अरोड़ा से कहा कि इस कोटा के लिए अलग से एक विभाग बनाया जाए और एक ज्वाइंट डीन नियुक्त किया जाए। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जिन कॉलेजों ने फीस ली है वह फीस रिफ़ंड की जाएगी। उन्होने कहा कि विश्वविद्यालय में हॉस्टल सुविधा विद्यार्थी संख्या के हिसाब से काफी कम है, फिर भी इनमें से जिन विद्यार्थियों को हॉस्टल मिल सकता है उनसे कोई फीस नहीं ली जाएगी। कुलपति ने कहा कि अभी शुरुआत है, जैसे जैसे जानकारी बढ़ेगी, इस कोटे के तहत विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ेगी। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ जरूरतमन्द लोगों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था की है ताकि कोई देश में भूखा न सोए। यह एक बहुत बड़ी पहल है। अगर ज़िंदगी में स्थायी परिवर्तन लाना है तो उसके लिए अगला कदम शिक्षा है। इसके लिए शिक्षण संस्थानों को ऐसे जरूरतमंदों के लिए आगे आकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि इस योजना के तहत जो पुण्य कार्य कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया है उसे भारत के अकादमिक जगत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। डीयू सांस्कृतिक परिषद के चेयर पर्सन अनूप लाठर ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. योगेश सिंह के दिशा निर्देशन में अनाथ बच्चों के लिए आरक्षण के प्रावधान का जो कार्य किया है वह देश में पहली बार हुआ है। पहले किसी भी विश्वविद्यालय में ऐसी योजना नहीं है। उन्होने कोटे के तहत दाखिला पाए विद्यार्थियों से कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय आपका घर है। आप डीयू के बेटे-बेटियाँ हो। इस अवसर पर डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने दाखिला प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस शैक्षणिक सत्र में 101 अनाथ विद्यार्थियों को इस आरक्षण कोटा के तहत दाखिला दिया गया है। इस योजना के तहत बीटेक में 3, पीजी में 17, यूजी में 78 और बीबीए तथा एलएलबी में 3 विद्यार्थियों को दाखिला आवंटित किया गया है। उन्होने बताया कि विश्वविद्यालय के पास करीब 4000 सीटें इस कोटे के तहत हैं।

## नेपाल से लाई जा रही चरस बरामद

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से नेपाल से लाई जा रही चरस बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक बरामद की गयी चरस की कीमत 35 लख रुपए है। गाजियाबाद में एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह के मुताबिक बद्री यादव सिद्धार्थनगर का रहने वाला है। बद्री नेपाल से चरस लाता है। वहीं उसकी एक हैंडलर फातिमा कैराना की रहने वाली है। पुलिस ने लोनी बस डिपो के पास से इनको गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बद्री चरस लाकर यहां अपनी हैंडलर फातिमा को देता है।




हमारे लिए यह अति हर्ष की बात है कि इस वर्ष माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश के गौरव और खासकर गुजरात राज्य के गरबा नृत्य को युनेस्को इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज सम्मान नामित करने के लिए भेजा गया था जिसे यूनेस्को ने स्वीकार कर हमारे देश और गुजरात राज्य के मां दुर्गा को समर्पित गरबा नृत्य को सम्मानित किया है। यह हमारे लिए अत्यंत ही प्रसन्नता का अवसर है। इस अवसर पर महिला मोर्चा दिल्ली प्रदेश की बहनों ने गुजरात की निवासी बहनों के साथ इस नृत्य को हर्षो उल्लास के साथ बनाया और मोदी जी को धन्यवाद दिया।

# जीएसटी रिफंड के नाम फर्जीवाड़ा करने वाला गैंग अरेस्ट

**250 से ज्यादा नई फर्जी फर्म मिली; दोनों गैंग मिलाकर 4.5 हजार करोड़ की आईटीसी फ्रीज**

**नोएडा।** फर्जी फॉर्म बनाकर हजारों करोड़ का राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले गैंग का खुलासा हुआ है। इसके चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज, मोबाइल फोन व अन्य सामान मिला है। पकड़े गए आरोपी फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जी ई-वे बिल के जरिए जीएसटी रिफंड लेकर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे थे।

पूर्व में भी जीएसटी फ्रॉड मामले में 25 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन लोगों ने 2500 फर्जी कंपनियां बनाई थी। पकड़े गए पूर्व गैंग के लीडर



अरचित और रंचित के साथी ने ही ये नया गैंग बनाया। दोनों गैंग को मिलाकर करीब 4.5 हजार करोड़ की आईटीसी फ्रीज की गई है।

नोएडा जोन के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि थाना सेक्टर-20 पुलिस पूर्व में करीब 15 हजार करोड़ रुपए के जीएसटी फ्रॉड के आरोपियों के मामले की पड़ताल कर रही थी। इस दौरान पुलिस को कुछ अन्य लोगों द्वारा भी जीएसटी फ्रॉड किए जाने का इनपुट मिला।

सूचना के आधार पर एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस टीम ने साक्ष्य के आधार पर दिल्ली से पीयूष गुप्ता, राकेश कुमार , दिलीप शर्मा व राहुल निगम को गिरफ्तार किया। इनके पास से फर्जी दस्तावेज फर्जी कंपनियां के बिल, बैंक पासबुक सहित अन्य कागजात बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जी बिलों के जरिए जमा कराए गए जीएसटी को रिफंड ले लेते थे।

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पूरे सुनिश्चित तरीके से इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस गिरोह का सरगना निशांत है।

# मेवाड़ में वोटर चेतना महाभियान कार्यक्रम आयोजित

**विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और रैली के जरिये किया क्षेत्रीय नागरिकों को जागरूक**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षा विभाग की ओर से वोटर चेतना महाभियान के तहत वसुंधरा क्षेत्र में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज परिसर एवं आदर्श पार्क में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। विद्यार्थियों ने अपने सहपाठियों और क्षेत्रीय नागरिकों से चुनावों में वोटर बनने और वोट अवश्य देने की अपील की। नाटक में बताया गया कि वोट देना हमारा मौलिक अधिकार है। इसे बड़ी गंभीरता से लेना होगा।




क्योंकि देश का भविष्य हमारे वोट पर टिका है। लोकतंत्र में वोटर की महत्वपूर्ण भूमिका है। जागरूकता रैली के दौरान विद्यार्थियों के हाथों में मतदान करने के लिए प्रेरणादायक नारे लिखे हुए थे। नाटक का संचालन डॉ. स्मृति लता सिन्हा और डॉ. सुषमा रानी ने किया। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया और निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल इस मौके पर उपस्थित रहे।

# थाइलैंड से वाया मणिपुर भारत में पहुंच रहे मादक पदार्थ, छह तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दो छात्रों सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक छात्र नोएडा स्थित एमिटी विश्वविद्यालय का बीबीए का पूर्व छात्र लक्ष्य भाटिया है, जबकि दूसरा दिल्ली स्थित सूरजमल इंस्टीट्यूट से बीबीए कर रहा है। आरोपी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद व गुरुग्राम समेत अन्य जगहों के शैक्षणिक संस्थानों में मादक पदार्थ बेचते थे। ग्राहकों से संपर्क का माध्यम सोशल मीडिया प्लेटफार्म था। देश में मादक पदार्थ थाइलैंड से मंगाकर खेप मणिपुर से उत्तर भारत के राज्यों में पहुंचती थी। अपराध शाखा के आरोपियों के कब्जे से 48 किलोग्राम गांजा, 15 ग्राम एमडीएमए व 1,200 ग्राम जैविक गांजा बरामद किया है।

अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव के अनुसार, सूचना मिली थी कि दिल्ली के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में तस्कर सक्रिय हैं। मोती नगर स्थित डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स के एक घर से नशे का कारोबार चल रहा है। गिरोह मणिपुर और शिलांग से रेल के जरिये गांजा व थाईलैंड से विमान के जरिये जैविक गांजा मंगाता है। इसके बाद टीम ने दबिश देकर मणिपुर निवासी नोंगमैथम जशोबंता सिंह (36) और थियम रबिकांत सिंह (32) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों साथी रुद्रांश गुप्ता को गांजा आपूर्ति करते थे।

नोंगमैथम की निशानदेही पर सेक्टर-31, गुरुग्राम निवासी रुद्रांश गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया गया। रुद्रांश दो वर्षों से तस्करी में संलिप्त है। तीनों आरोपियों से पूछताछ के बाद रामा पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली निवासी लक्ष्य भाटिया व सेक्टर-4, द्वारका निवासी गिरिक अग्रवाल और रोशन नगर, थाना रावतपुर, कानपुर निवासी खालिद को गिरफ्तार कर कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर लिए।

### सोशल मीडिया से फैला नेटवर्क, कूरियर से आपूर्ति

जशोबंता के पास मणिपुर से गांजा और थाईलैंड से जैविक गांजा आता था। फिर इसे बेचने के लिए रुद्रांश गुप्ता व अन्य आरोपियों को सौंपा जाता था। रुद्रांश विभिन्न विश्वविद्यालयों में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ग्राहकों से संपर्क करता था। ऑर्डर मिलने पर उसी दिन आपूर्ति करने वाली कूरियर सेवा पोर्टर, वी-फास्ट आदि की मदद से ग्राहकों को भेज देता था। आरोपी यूपीआई से बैंक खाते में भुगतान लेता था।

### विवि में पढ़ाई के दौरान शुरू की तस्करी

लक्ष्य शुरू में खुद शौक पूरा करने के लिए मादक पदार्थ खरीदता था। इस दौरान उसकी पहचान गिरोह से जुड़े खालिद जफर से हुई। वह तीन साल से छात्रों को गांजा आदि आपूर्ति कर रहा है। लक्ष्य ने गिरिक के माध्यम से खालिद से मादक पदार्थ खरीदे फिर दिल्ली और नोएडा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में सोशल मीडिया के जरिये आपूर्ति करने लगा।

## संपादकीय

# डीपफेक तकनीक पर लगाम कसने की तैयारी

डीपफेक तकनीक, जिसे गहराई से फेक वीडियो बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, और भ्रामक सूचना फैलाने वाले व्यक्तियों का सामना आजकल बड़ी समस्या बन गया है। इस लेख में, हम डीपफेक तकनीक के बारे में और उससे होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में चर्चा करेंगे, साथ ही भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ लगाम कसने की तैयारी पर भी बात करेंगे। हाल के दिनों में 'डीपफेक' तकनीक के जरिए कुछ जानी-मानी हस्तियों की तस्वीर और वीडियो से छेड़छाड़ कर उनकी छवि बिगाड़ने की कोशिशों ने इस चिंता को बढ़ा दिया है कि इसकी सीमा आखिर कहां है! अच्छा यह है कि कुछ मामलों के सुर्खियों में आने के बाद इसकी गंभीरता के मद्देनजर सरकार ने इस मसले पर जरूरी सक्रियता का संकेत दिया है और अब वह डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए कदम उठाने जा रही है।

### डीपफेक तकनीक

डीपफेक तकनीक एक उच्च-स्तरीय सीजेनरेटिव एल्गोरिदम का इस्तेमाल करती है जो व्यक्तिगत या वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए जीपीयू आधारित डिजिटल सामग्री बनाने में सक्षम है। इसका परिणाम एक वीडियो होता है जो असली वीडियो के साथ बहुत ही अच्छी रूप से मेल खाता है, जिससे यह किसी को भ्रांति में डालने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**गैर-सत्य प्रसार :** डीपफेक्स वीडियोज के बढ़ते उपयोग से यह आसान हो गया है लोगों को गैर-सत्य प्रसार करने के लिए। इससे सामाजिक और राजनीतिक तंत्र में खतरा बढ़ता है।

**व्यक्तिगत और सार्वजनिक यथार्थता का संदिग्ध बनावट :** डीपफेक्स के कारण, लोगों को अब अपनी दृष्टिकोण को सावधानी से चुनना पड़ता है क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत और सार्वजनिक यथार्थता को संदिग्ध बना सकता है।

ब्लैकमेल : व्यक्ति को ब्लैकमेल करने के लिए डीपफेक्स का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे उन्हें नुकसान हो सकता है।

**कानूनी कदम :** सरकारें को डीपफेक्स और भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाने चाहिए ताकि इस प्रकार की गतिविधियों को रोका जा सके।

**तकनीकी उन्नति :** तकनीकी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उन्नत तकनीकी उपायों का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि ऐसी सूचना को पहचाना जा सके और उससे नुकसान नहीं हो सके।

**शिक्षा और जागरूकता :** लोगों को डीपफेक्स और भ्रामक सूचना से बचने के लिए शिक्षित करना और उन्हें इसकी पहचान करने के लिए जागरूक करना आवश्यक है।

डीपफेक तकनीक और भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ लगाम कसने की तैयारी महत्वपूर्ण है ताकि लोग और समाज सुरक्षित रह सकें। कानूनी कदम, तकनीकी उन्नति, और जागरूकता के माध्यम से हम सामाजिक मीडिया और तकनीकी सुरक्षा में सुधार कर सकते हैं और यह नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकते हैं।



# सुखदेव सिंह की हत्या से कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में

राज्य के लोगों को हर स्तर पर सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सख्ती से लेकर आपराधिक वारदात की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने जैसे तमाम दावे एक तरफ रह गए और दो अपराधियों ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के घर में जाकर उनकी हत्या कर दी।

राजस्थान में विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद और सरकार गठन के पहले ही दोहरे हत्याकांड की जो घटना सामने आई है, उसने फिर यही दर्शाया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था किस हालत में हैं। सरकार और प्रशासन की ओर से आए दिन सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद होने के दावे के बीच जमीनी हकीकत यही है कि राज्य में अपराधियों को अपने सामने एक तरह से कोई चुनौती नहीं दिखती है और वे मनमाने तरीके से जघन्य वारदात करके फरार भी हो जाते हैं।

मगर जयपुर की ताजा घटना इसलिए भी ज्यादा गंभीर है कि इसमें राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी और वहीं मौजूद एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी गई, जो शायद मजबूत सुरक्षा घेरे में रहते हों। राज्य के लोगों को हर स्तर पर सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सख्ती से लेकर आपराधिक वारदात की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने जैसे तमाम दावे एक तरफ रह गए और दो अपराधियों ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के घर में जाकर उनकी हत्या कर दी।

जाहिर है, वारदात को अंजाम देने पहुंचे अपराधियों के भीतर एक तरह से किसी का खौफ नहीं था। सवाल है कि अगर बिना किसी बाधा या अड़चन के किसी चर्चित हस्ती की हत्या करने के बाद अपराधी फरार भी हो जाते हैं तो यह वास्तव में किसकी नाकामी है! खबरों के मुताबिक, हत्या की जिम्मेदारी एक कुख्यात अपराधी ने ली, जो जेल में बंद एक बड़े गैंगस्टर के साथ मिलकर काम कर रहा था और उसकी तरफ से गोगामेड़ी को लगातार धमकियां मिल रही थीं।

शायद किसी ऐसी घटना की आशंका के मद्देनजर ही गोगामेड़ी ने अपने लिए सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन सरकार ने इस ओर समय पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। अब जिस तरह से इस घटना को अंजाम दिया गया, उसे देखते हुए क्या सरकार अब भी यह दावा करने की हालत में है कि कानून-व्यवस्था को लागू करने के उसके दावे पूरी तरह पुख्ता रहे हैं? अब हत्या की जांच के लिए पुलिस ने विशेष जांच दल गठित किया है, मगर सच यह है कि राज्य की राजधानी जयपुर में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या ने समूचे सरकारी तंत्र के सुरक्षा इंतजामों और पुलिस के खुफिया तंत्र की विफलता का ही बयान किया है।

दरअसल, समूचे राज्य में ऐसी छोटी-बड़ी घटनाओं की एक श्रृंखला है, जिसे संभालने में सरकार नाकाम रही। अकेले जयपुर में सन 2022 में अट्ठाईस हजार एक सौ इकहत्तर आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। इससे पिछले वर्ष यह संख्या तेईस हजार तीन सौ उनतालीस थी। साफ है कि वक्त के साथ राज्य में हालात बिगड़ते गए हैं। इसका मतलब यही निकलता है कि वहां अपराधियों के भीतर पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं है।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले कई सालों से विपक्ष ने राज्य में एक पूर्णकालिक गृहमंत्री नहीं होने को लेकर अक्सर सवाल उठाए। मगर पहले ही कई अन्य विभागों का बोझ उठाए मुख्यमंत्री को अपराधों की रोकथाम की कितनी चिंता थी? ऐसे में आम जनता के बीच सरकार और उसकी कार्यप्रणाली को लेकर क्या राय बनेगी?

यह बेवजह नहीं है कि इस विधानसभा चुनाव में राजस्थान की कानून-व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा बनी और इसने बड़े पैमाने पर लोगों की राय और उसके बाद वोट पर असर डाला। अब नई सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती राज्य में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर आम जनता के भीतर विश्वास बहाल करने की होगी, क्योंकि यह वादा सबसे अहम चुनावी मुद्दों में से एक था।

# 'दिव्यांगों का सशक्तीकरण'

**डॉ दीपक कोहली-**

दिव्यांगता एक पहचान और इकाई के रूप में विभिन्न भेद्यताओं—सामाजिक, आर्थिक एवं लैंगिक—के प्रतिच्छेद बिंदु पर अस्तित्व रखती है, जहाँ समता के लिये कार्रवाई की संकल्पना करते समय प्रत्येक पहलू पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता होगी। वैश्विक स्तर पर 1.3 बिलियन लोग किसी न किसी रूप में दिव्यांगता के साथ जी रहे हैं। उनमें से 80 प्रतिशत विकासशील देशों में निवास करते हैं, जबकि उनमें से 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। वर्तमान प्रणालियाँ दिव्यांगता से रहित व्यक्तियों के लिये डिज़ाइन की गई हैं और वे दिव्यांग व्यक्तियों के लिये अपवर्जनकारी सिद्ध होती हैं। इसके परिणामस्वरूप उन्हें गरीबी, शिक्षा एवं अवसरों तक पहुँच की कमी, अनौपचारिकता और सामाजिक एवं आर्थिक भेदभाव के अन्य रूपों का सामना करना पड़ता है।

### भारत में दिव्यांगता की परिभाषा

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार, दिव्यांगजन वह व्यक्ति है जो ऐसी दीर्घकालिक अपंगता या अक्षमता रखता है जो उसकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षमताओं को प्रभावित करती है। यह अक्षमता उन्हें समाज में पूर्ण और प्रभावी ढंग से भागीदारी कर सकने से अवरुद्ध करती है।

### दिव्यांगता की चार मुख्य श्रेणियाँ हैं

- व्यवहारिक या भावनात्मक
- संवेदी अक्षमता विकार
- भौतिक/शारीरिक
- विकास संबंधी

### भारत में दिव्यांगता की वर्तमान स्थिति

विश्व बैंक के अनुसार भारत की 5-8 प्रतिशत आबादी दिव्यांगता की शिकार है। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय का अनुमान है कि 2.2 प्रतिशत आबादी दिव्यांग है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 सर्वेक्षण (2019-21) में पाया गया कि 4.52 प्रतिशत आबादी दिव्यांग है।

### भारत में दिव्यांगजनों की चुनौतियां

सीमित जागरूकता: पहली बाधा दिव्यांगजनों के लिये उपलब्ध सरकारी योजनाओं और लाभों के बारे में जागरूकता की कमी है। यह समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक स्पष्ट है जहाँ सूचना प्रसार चुनौतीपूर्ण है।

### अभिगम्यता और अवसंरचना की कमी

कई सार्वजनिक स्थान—जैसे स्कूल, अस्पताल, परिवहन प्रणाली और सरकारी कार्यालय दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं के अनुरूप डिज़ाइन नहीं किये गए हैं। यह उनकी गतिशीलता, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक एवं नागरिक गतिविधियों में भागीदारी को सीमित करता है। यूनिसेफ के अनुसार, दिव्यांग बच्चों को प्राय: ऐसे स्थानों से अपवर्जन का शिकार होना पड़ता है, जिससे वे उन महत्त्वपूर्ण पहलों से चूक जाते हैं जिनका उद्देश्य उनके स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करना है।

शिक्षा और रोज़गार तक सीमित पहुँच: ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों को प्राय: शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुँच के संकट का सामना करना पड़ता है।

समावेशी शैक्षणिक संस्थानों और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों की कमी आवश्यक कौशल हासिल करने और कार्यबल में भाग ले सकने की उनकी क्षमता में बाधक बन सकती है।

### विकासात्मक योजनाओं से अपवर्जन

कुछ विकासात्मक योजनाएँ अनजाने में ही दिव्यांगजनों को अपवर्जित कर सकती हैं, जिससे वे महत्त्वपूर्ण पहलों के दायरे से बाहर हो सकते हैं।

इसका एक उदाहरण टीकाकरण अभियान हैं जो दिव्यांगजनों की पहुँच और संचार आवश्यकताओं (जैसे रैंप, सांकेतिक भाषा का प्रयोग करने वाले दुभाषिए या ब्रेल सामग्री) को ध्यान में नहीं रखते हैं।

धारणा और कलंक: दिव्यांगजनों को कभी-कभी समाज में सार्थक योगदान देने में सक्षम स्वायत्त व्यक्ति के बजाय दान या दया के पात्र के रूप में देखा जाता है।

यह धारणा सामाजिक कलंक, भेदभाव और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं से अपवर्जन का कारण बन सकती है, जिससे उनकी चुनौतियाँ और बढ़ सकती हैं।

कृषि पर निर्भरता और जलवायु परिवर्तन के जोखिम: भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में प्राय: कृषि पर अत्यधिक निर्भरता की स्थिति पाई जाती है और इन क्षेत्रों में दिव्यांगजन विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं।

स्वच्छ जल एवं आहार तक पहुँच में कमी, तूफान, लू और बाढ़ ने उनकी आजीविका, स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के लिये जोखिम को बढ़ा दिया है।

कानूनी और नीतिगत समर्थन का अभाव: भारत ने वर्ष 2007 में दिव्यांगजनों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय की पुष्टि की और वर्ष 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम को अधिनियमित किया, जो दिव्यांगजनों की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिये एक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है। हालाँकि इन कानूनों एवं नीतियों के कार्यान्वयन और प्रवर्तन में विभिन्न कमियाँ एवं चुनौतियाँ मौजूद हैं और दिव्यांगजनों की एक बड़ी संख्या अभी भी अपने अधिकारों एवं प्राप्त उपचारों से अपरिचित है।

### दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिये पहलें

'स्पार्क' परियोजना : ILO और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष महाराष्ट्र में महिला विकास निगम के सहयोग से स्पार्किंग डिसेबिलिटी इन्क्लूसिव रूरल ट्रांसफोर्मेशन परियोजना को कार्यान्वित कर रहे हैं।

इस परियोजना के माध्यम से दिव्यांगजनों को अग्रणी भूमिका सौंपी गई है, जहाँ उन्हें ग्रामों से चिह्नित किया जा रहा है और दिव्यांगता समावेशन सुविधाकर्ता के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

DIFs दिव्यांगता समावेशन और समावेशन में मौजूद बाधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये समुदाय, दिव्यांगजनों, दिव्यांगजनों के देखभालकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों से संबद्ध महिलाओं और अन्य हितधारकों से संलग्नता बढ़ाते हैं।

DIFs दिव्यांग महिलाओं की पहचान करते हैं और उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिये मौजूदा स्वयं सहायता समूहों के मुख्यधारा में लेकर आते हैं जहाँ ये महिलाएँ उद्यम शुरू करने के लिये धन तक पहुँच बनाने में सक्षम होती हैं।

स्पार्क परियोजना सामाजिक स्तर से लेकर प्रशासनिक स्तर तक दिव्यांगजनों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव को प्रेरित करने में सक्षम सिद्ध हुई है।

विशिष्ट नि:शक्तता पहचान पोर्टल?

सुगम्य भारत अभियान?

दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना?

दिव्यांगजनों के लिये सहायक यंत्रों/उपकरणों की खरीद/फिटिंग में सहायता की योजना

दिव्यांग छात्रों के लिये राष्ट्रीय फैलोशिप दिव्यांगजनों के अद्वितीय पहचान पत्र

### दिव्यांगजनों की स्थिति में सुधार के उपाय

रोज़गार के अवसर बढ़ाना: दिव्यांगजनों के लिये रोज़गार के अधिक अवसर पैदा करने और उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। सरकार और निजी क्षेत्र को RPWD अधिनियम 2016 के प्रावधानों को लागू करना चाहिये, जो सरकारी नौकरियों में दिव्यांगजनों के लिये 4प्रतिशत आरक्षण और दिव्यांगजनों को रोज़गार देने वाले नियोक्ताओं के लिये प्रोत्साहन का निर्देश देता है। विभिन्न ष्टस्क्रपहलें भी दिव्यांगजनों के लिये समावेशी और सुलभ कार्यस्थलों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

### अभिगम्यता और अवसंरचना में सुधार

स्कूलों, अस्पतालों, परिवहन प्रणालियों और सरकारी कार्यालयों जैसे सार्वजनिक स्थानों को दिव्यांगजनों के लिये अधिक अभिगम्य और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। सार्वभौमिक डिज़ाइन सिद्धांतों को अपनाकर और रैंप, लिफ्ट, संकेत चिह्न/साइनेज, टैक्टाइल पैथ, सहायक उपकरण एवं दिव्यांगजनों की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली अन्य सुविधाएँ प्रदान कर ऐसा किया जा सकता है।

सरकार को सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन एवं निगरानी को भी सुनिश्चित करना चाहिये, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिये सार्वजनिक भवनों एवं परिवहन प्रणालियों को अभिगम्य बनाना है।

### जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ाना

दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं क्षमताओं के बारे में आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें संवेदनशील बनाने तथा दिव्यांगों से जुड़ी भ्रांतियों एवं गलत धारणाओं को दूर करने की आवश्यकता है। दिव्यांगजनों की प्रतिभा एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित कर सकने वाले विभिन्न अभियान, कार्यशाला, सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से और उन्हें निर्णयकारी एवं नेतृत्वकारी भूमिकाओं में संलग्न करने के माध्यम से ऐसा किया जा सकता है। मीडिया और शिक्षा प्रणाली भी दिव्यांगजनों की सकारात्मक एवं सम्मानजनक छवि के निर्माण और समावेशन एवं विविधता की संस्कृति को बढ़ावा देने में भूमिका निभा सकती है।

कानूनी और नीतिगत समर्थन को सुदृढ़ करना: दिव्यांगजनों की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिये कानूनी और नीतिगत ढाँचे को सुदृढ़ करने तथा इसके प्रभावी कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। सरकार को दिव्यांगजनों हेतु क्रियान्वित कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिये पर्याप्त संसाधन एवं धन आवंटित करना चाहिये तथा उनके परिणामों एवं प्रभाव की निगरानी करनी चाहिये। सरकार को दिव्यांगजनों को प्रभावित करने वाले कानूनों एवं नीतियों के निर्माण एवं समीक्षा में दिव्यांगजनों और उनके संगठनों की भागीदारी एवं परामर्श को भी सुनिश्चित करना चाहिये।

सरकार को दिव्यांगजनों के मुद्दों और शिकायतों से निपटने के लिये न्यायपालिका, पुलिस एवं प्रशासन की जागरूकता एवं क्षमता बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास करना चाहिये।

ज़मीनी स्तर पर क्षमता निर्माण: सरकारी नीतियों और उनके लक्षित लाभार्थियों के बीच के अंतराल को दूर करने के लिये ज़मीनी स्तर पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। समुदाय के नेता दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं लाभों का पक्षसमर्थन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इन पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये उनका प्रशिक्षण आवश्यक है।

# कांग्रेस की तंगदिली के चलते बिखरने लगा है विपक्षी गठबंधन इंडिया

इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ने इन चुनावों में एक मौका गंवाया है। इन चुनावों में विपक्षी दलों को साथ लेने और एक राजनीतिक बदलाव की पहल कांग्रेस कर सकती थी, जिससे इंडिया गंठबंधन की भावना को मज़बूती मिलती।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। देशभर फिलवक्त चर्चा हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत की है। बीजेपी मध्य प्रदेश में सरकार बचाने में सफल रही और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हराकर बीजेपी सत्ता में लौट आई है। वहीं राजस्थान में हर चुनाव में सरकार बदलने का रिवाज बदलना चाह रही कांग्रेस नाकामी हाथ लगी है। उसे सिर्फ दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में ही सफलता मिली है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की प्रचंड जीत ने चुनावी पंडितों को हैरान कर दिया है, वहीं तेलंगाना और मिजरोम में बीजेपी के बढ़ते जनाधार ने इंडी गठबंधन में खलबली मचा दी है।

कांग्रेस के लचर और निराशाजनक प्रदर्शन का असर इंडी गठबंधन की एकजुटता पर भी दिखाई देने लगा है। सवाल उठ रहे हैं कि इन नतीजों का इस गठबंधन और इसके भविष्य पर क्या असर पड़ेगा। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि नतीजों के बाद इंडिया के घटक दलों ने कांग्रेस के रवैए पर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी गठबंधन की बैठक बुलाई थी। लेकिन बैठक से ठीक एक दिन पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरने, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बैठक में शामिल होने से इंकार कर दिया। कांग्रेस की तरफ से सफाई दी गई है कि बारिश की वजह से चेन्नई एयरपोर्ट बंद है, ऐसे में स्टालिन भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। वहीं नीतीश कुमार की तबीयत ठीक नहीं हैं, जबकि ममता बनर्जी कार्यक्रम में व्यस्त है। गठबंधन के कई सहयोगियों के इनकार के बाद इंडी गठबंधन की बैठक को टालना पड़ गया है। अब कांग्रेस के सामने अपने कुनबे को बचाये रखने की चुनौती है।

## आज मेरे दिल का क्या हाल है

देखो आज मेरे दिल क्या हाल है,
न सुर है,न ताल का ख्याल है।

आंखों से क्या ओझल हुए तुम,
हाल जिन्दगी का बेहाल है।

सोते जागते दिखती हो तुम,
इश्क भी बड़ा जी का जंजाल है।

हर कसौटी पर क्यों परखती हो,
दिल को इसका बड़ा मलाल है।

कैलेंडर बन गई है अब तारीखें,
रूबरू होना बेसब्री का सवाल है ।

महफ़िल में तेरी तारीफ की मैंने,
हसीन चेहरा बन जाता गुलाल है।
गुम हो चुका हूँ मै तुझमें, संजीव,
लम्हों लम्हों पर रंगे-गुलाल है।



**संजीव ठाकुर**
**रायपुर**

# नेहरू तुम केवल नेहरू हो

**राकेश अचल**

राजनीति में अखंड सौभाग्यवती बंनने का ख्वाब पाले बैठी भाजपा का विजयरथ भले ही आगे बढ़ता जा रहा है लेकिन उसे कभी कांग्रेस का भूत आतंकित करता है तो कभी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का । कांग्रेस भले ही नेहरू की माला जपने में शिथिल हो गयी हो किन्तु भाजपा लगातार पंडित जवाहर लाल नेहरू की माला का जाप करती नजर आती है । संसद में एक बार फिर भाजपा ने ही नेहरू को पुनर्जीवित कर दिया ,हालाँकि भाजपा के लिए नेहरू आज तक % नेशनल हीरो % नहीं बन पाए हैं। नेहरू को लेकर संसद में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच झड़प देखकर मन क्षुब्ध हो गया।

जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयकों पर बहस का उत्तर देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की दो गलतियों के लिए उन्हें याद किया। नेहरू का नाम अकेले भाजपा को ही नहीं अपितु भाजपा के पूरे वंश को हमेशा से खटकता आया है। एक स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी को छोड़ किसी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रति अपना सम्मान एक नेशनल हीरो के रूप में प्रकट नहीं किया। नेहरू युग में अटल जी भी युवा थे ,उन्होंने भी कश्मीर के मुद्दे पर संसद में बहसों के दौरान नेहरू जी के लत्ते लिए किन्तु कभी उन्हें खलनायक के रूप में याद नहीं किया। नेहरू भी अटल जी के भाषणों से उदिग्न नहीं हुए। लेकिन भाजपा का पूरा का कुनबा ,आरएसएस, जनसंघ ,प्रजा परिषद से लेकर आज तक नेहरू को कोसते हुए ही बड़ा हुआ है।

नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे ,तो थे । वे जिन परिस्थितियों में देश के प्रधानमंत्री बने उसे भाजपा नेताओं को छोड़ पूरी दुनिया जानती है। नेहरू देश के 17 साल प्रधानमंत्री रहे लेकिन उन्होंने कभी राम के नाम की राजनीति नहीं की। उनके कार्यकाल में भारत ने अपने पांवों पर चलना सिखाया लेकिन भाजपा ये नहीं मानती। भाजपा मान भी नहीं सकती क्योंकि जब भाजपा का जन्म हुआ तब देश में नेहरू का नहीं बल्कि इंदिरा गाँधी का युग चल रहा था। भाजपा के नेताओं ने नेहरू को जितना जाना है उतना अपर्याप्त है लेकिन नेहरू को खलनायक बताने के लिए पर्याप्त है। काश नेहरू को गरियाने वाले आज के भाजपा नेता आजादी के संघर्ष के समय पैदा हुए होते । काश वे अपनी जिंदगी के अमूल्य नौ-दस साल जेलों में काटते तो उन्हें पता चलता कि देश के लिए काम कैसे किया जाता है।

मै नेहरू प्रसंग में भाजपा के रवैये को लेकर बहुत कम विचलित होता हूँ । नेहरू भाजपा के लिए भले ही नेशनल हीरो नहीं हैं लेकिन हमारी पीढ़ी के लिए तो हैं। नेहरू को देश के इतिहास से विलग कर, उन्हें खलनायक बताकर कोई भी राजनितिक दल अपनी पताका नहीं फहरा सकता । लेकिन भाजपा ऐसा करने का दुस्साहस करती है। नेहरू युग में भाजपा के पूर्वज अनेक नेता थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी थे और हेडगेवार भी। दीनदयाल भी थे और दूसरे तमाम नेता भी लेकिन वे न नायक बन पाए और न हीरो । कांग्रेस ने उन्हें कभी खलनायक के तौर पर भी याद नहीं किय। गालियां नहीं दीं । उन्हें कभी राष्ट्रद्रोही कहके उनकी निंदा नहीं की। लेकिन भाजपा के लिए नेहरू युग एक दु:स्वप्न है। भाजपा कभी ये नहीं सोचती कि आजादी के पहले और आजादी के बाद यदि भाजपा के पुरखों की विचारधारा में दम होता तो आज देश उनके पुरखों को नेशनल हीरो मानता न कि नेहरू-गांधी और पटेल को।



आज देश नेहरू के नहीं मोदी के युग में है । मोदी युग में नेहरू युग जैसी न चुनौतियाँ हैं और न समस्याएं। मोदी युग को जो देश मिला है वो एक समृद्ध और मजबूत देश मिला है। नेहरू युग की तुलना मोदी युग से की ही नहीं जा सकती। तेहरू युग की राजनीती में धर्म का दखल उतना नहीं था जितना कि आज है। मोदी युग की तरह नेहरू युग में किसी प्रधानमंत्री को अपनी जाति का बखान नहीं करना पड़ता था ,क्योंकि नेहरू युग त्याग,तपस्या और बलिदान का युग था । नेहरू देश के हीरो रथारूढ़ होकर नहीं बने थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था,लाठियां खाई थीं ,जेलों में जवानी गुजारी थी और अपने अनुभवों को लिपिबद्ध किया था। वे केवल राजनीतिज्ञ नहींथे बल्कि राजनीति से हटकर भी बहुत कुछ थे।

बहरहाल आज जब देश आजादी का अमृतकाल बिता चुका है तब नेहरू के प्रति कृतग्यता जताने के बजाय उन्हें खलनायक की तरह याद करने वाले कृतघ्न ही कहे जा सकते है। नेहरू को गरियाकर, उन्हें खलनायक बताकर भारत की पहचान नहीं बनाई जा सकती। नेहरू विरोधियों को भगवान से सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना करना भी व्यर्थ है ,क्योंकि जो लोग नेहरू का अर्थ नहीं समझते उन्हें समझाने का लाभ क्या है। कांग्रेस को भी नेहरू को लेकर अब उदिग्न होने की जरूरत नहीं है,क्योंकि कांग्रेस की असमर्थता की वजह से कांग्रेस के ही नहीं बल्कि देश के नायकों को अपमानित होना पड़ रहा है। नेहरू विरोधी ,गांधी के भी विरोधी हैं किन्तु संयोग से वे अभी खुलकर गांधी को गाली नहीं दे पा रहे, उन्हें ख़ारिज नहीं कार पा रहे ,अन्यथा उनके मन में महात्मा गाँधी भी खलनायक हैं। नेहरू यदि कश्मीर के लिए खलनायक हैं तो भाजपा देश के विभाजन के लिए गांधी को खलनायक मानती है और अपने बच्चों को भी यही पाठ पढ़ाती है।

गड़े मुर्दे खोदना ,उन्हें जुतियाना ही आज के युग की राजनीति का असली चरित्र बन गया है। पूर्वजों की स्मृतियों से खिलवाड़, हमारा आज का राष्ट्रधर्म हो गया है। हमारी यही तंगदिली देश की छवि को दुनिया में धूमिल कर रही है । आज की राजनीति देश को नेहरू युग कि उपलब्धियों के बजाय मोदी युग की गारंटियों के पीछे चलने को विवश कर रही है। देश का भविष्य नेहरू के हाथों में अब नहीं है । नेहरू को गए युग हो चुका है । अब देश का भविष्य मोदी जी के हाथ में है । ईश्वर उन्हें शक्ति दे कि वे देश को नेहरू युग से भी ज्यादा बेहतर समृद्ध ,धर्मनिरपेक्ष ,और पंचशील के रस्ते पर चलने वाला बना पाएं ।

नेहरू युग आधारभूत संरचनाओं के लिए जाना जाता है ,लेकिन मोदी युग मंदिरों ,और धार्मिक शहरों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए जाना जाएगा। मोदी युग में संस्कृति के चार अध्याय नहीं लिखे जा सकते, भारत की खोज नहीं की जा सकती ,हाँ मस्जिदों को तोड़ने,मंदिरों को बनाने और देश को दो ध्रुवों में विभाजित करने के लिए मोदी युग हमेशा याद किया जाएगा।अब नेहरू युग की पीढ़ी अवसान कि ओर है ,इसलिए आज कि पीढ़ी को नेहरू और मोदी युग की तुलना करने के लिए अतीत में झांकना ही पडेगा। यदि आप सचमुच भारत को खोजना चाहते हैं तो इतनी जहमत उठाइये ,तभी आपको पता चलेगा कि नायक कौन है और खलनायक कौन ?

नई दिल्ली
शुक्रवार 08 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### विदेश गए प्रेमी से नहीं हो पाई बात तो प्रेमिका ने उसके घर पहुंचकर किया बवाल

देवरिया । (पीएमए) विदेश गए प्रेमी के साथ लंबे वक्त से बात न हो पाने से नाराज प्रेमिका उसके घर पहुंच गई। बात कराने की जिद पर अड़ी युवती ने घंटों हंगामा किया। वहां पूरे गांव का जमावड़ा लग गया। युवती का कहना था आप लोगों ने ही उसे मुझसे बात करने से मना किया है। देर रात जब परिजनों ने युवक से मोबाइल पर बात कराई, तब जाकर प्रेमिका अपने घर लौटी। लार नगर के एक वार्ड निवासी युवक और युवती एक-दूसरे से दो वर्ष से प्रेम करते हैं। आरोप है कि युवक शादी करने की बात कहता था। इधर, कुछ माह पूर्व वह विदेश कमाने चला गया। उसके बाद दोनों में बात नहीं हो पा रही थी। इस बात से नाराज युवती मंगलवार को युवक के घर पहुंच गई। घर के बरामदे में बैठकर युवक को विदेश से बुलाने की जिद कर हंगामा करने लगी। हंगामा देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मुहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवती को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, वह युवक से बात करने की जिद पर अड़ी रही। देर रात बात होने के बाद वह अपने घर लौटी।

### बुलंदशहर में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के औरंगाबाद क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार एवं गोली बारुद बरामद किये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने गुरुवार को बताया कि 06/07 दिसंबर की रात्रि में पुलिस जहांगीराबाद रोड पर जनौरा तिराहे के पास वाहन चैकिंग में व्यस्त थी, इस बीच एक बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रुकने का इशारा किया तो बदमाश बाइक को तेजी से भगाने लगे। पुलिस द्वारा बदमाशों का पीछा करने पर ग्राम जनौरा रोड पर बने ब्रेकर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी जिस पर बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सतेन्द्र उर्फ लाला और बिन्नामी के रूप में की हैं। घायल बदमाशों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, मोबाइल फोन, नकदी, आधार कार्ड, पैन कार्ड व बाइक बरामद हुई है। उन्होने बताया कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं। इन्होने 30 नवंबर को लूट की घटना कारित की थी।

### फतेहपुर में अंग्रेजी शराब बरामद,दो गिरफ्तार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने फतेहपुर जिले के जहानाबाद क्षेत्र में दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 550 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने घाटमपुर रोड पर चिल्ली मोड के पास बीती रात नाकाबंदी की और वहां से गुजर रहे एक ट्रक को रोका। ट्रक मे कपड़े के कतरन की बोरियों के बीच में अवैध अंग्रेजी शराब छिपाकर पंजाब के लुधियाना से बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को शराब समेत कब्जे में लेकर दोनों तस्करों साहिल और तसलीम को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि अंबाला के अतुल मिश्रा उर्फ गुडडू का अवैध शराब तस्करी का एक गिरोह है जो पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों से बिहार में अवैध शराब की तस्करी कराता है। अतुल मिश्रा ने ट्रक में अवैध अंग्रेजी शराब लोड कराकर लुधियाना के बजरंग होटल पर इन लोगों को ट्रक दिया और बिहार पहुँचाने को बताया। बिहार में किसे सप्लाई करना था यह बिहार पहुँचने पर अतुल द्वारा इन लोगों को बताया जाता।

### सांड से बचने को तालाब में कूदा किसान, मौत

बदायूँ । उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के दातागंज कोतवाली क्षेत्र में छुट्टा गोवंश से फसल की रखवाली करने खेत पर जा रहे किसान पर सांड ने हमला कर दिया। सांड के हमले से बचने को किसान पास में स्थित तालाब में कूद गया जिससे उसकी मौत हो गई। उप जिलाधिकारी दातागंज धर्मेंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि शिवदयाल (55) के भाई वीरेंद्र सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें उल्लेख किया है कि उसका बड़ा भाई शिवदयाल बीती रात गोवंशों से अपने फसल की रखवाली करने खेत पर जा रहा था कि अचानक रास्ते में उसे पर छुट्टा सांड ने हमला बोल दिया। सांड के हमले से बचने के लिए वह समीप में स्थित एक तालाब में कूद गया। आज सुबह जब शिवदयाल घर नहीं पहुंचे तो उनकी तलाश की गई, तो तालाब में उनका शव तैरता हुआ मिला। उन्होने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के पश्चात जो भी मामला सामने आएगा उसके आधार पर मृतक किसान को शासन व प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले मुआवजा व अनुदान पर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल मृतक किसान के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

### साड़ी-चूड़ी पहने युवक की मिली लाश

झांसी। झांसी में गुरुवार सुबह सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां की पहुंच नहर में साड़ी-चूड़ी पहने एक युवक की लाश मिली है। नहर में महज एक फीट पानी था। युवक घर से बुधवार रात को एक बर्थ-डे पार्टी में गया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा और आज सुबह डेडबॉडी मिल गई। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रेमनगर थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा। मृतक की पहचान हरि झा (50) पुत्र प्रताप झा के रूप में हुई है। मूलरूप से पिछोर के घटवरा गांव निवासी हरि झा करीब 35 सालों से प्रेम नगर के सुम्मेर नगर में रहता था। मृतक के भाई ओमकार झा ने बताया कि हरि झा शादी समारोह में नांचने-गाने का काम करता था। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे मैं उसके कमरे पर गया तो बोला कि आज पार्टी में जाना है, मेरा खाना मत बनाना। इसके बाद वह एक बर्थ-डे पार्टी में चला गया। वहां महिलाओं के कपड़े पहनकर डांस किया और शराब भी पी ली।

### इटावा में बदमाश ने सिपाही से छीनी रिवाल्वर

इटावा। इटावा में शातिर अपराधी रिंकू ब्रिगेडियर पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस कांस्टेबल कुलदीप से सरकारी रिवाल्वर छीन कर अपराधी ने पुलिस पर गोली चलाई। किसान पर गोली चला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मेडिकल कराने ले जाते समय अपराधी ने पुलिस कांस्टेबल रिवाल्वर छीनकर फरार होने का प्रयास किया था। घेराबंदी के दौरान अपराधी ने पुलिस पर गोली चलाई। घायल अपराधी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शातिर अपराधी रिंकू ब्रिगेडियर 12 अपराधिक मामले दर्ज है। बता दें थाना जसवंतनगर क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद डॉक्टरी परीक्षण करवाने ले जाते समय आरोपी ने पुलिस सिपाही से उसकी सरकारी रिवाल्वर छीनकर धक्का दे दिया और भागने का प्रयास करने लगा आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

### फतेहपुर में बच्ची से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर में दोस्त के भाई की शादी में गए युवक ने दुल्हन की भतीजी को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म किया था। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को पकड़ने के लिए तीन टीम को लगाया था। इस मामले में पीड़ित बच्ची के पिता के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है। बच्ची का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जिले के खखरेरू थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि दो दिन पहले थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में आई 7 साल की बच्ची के साथ लड़के पक्ष की ओर से बारात में शामिल होने आए युवक ने बच्ची को पंडाल से कुछ दूर ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस मामले में शादी समारोह में चल रहे वीडियो फोटो के आधार पर आरोपी की पहचान हो गई थी। पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर केस दर्ज हुआ था। बच्ची से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक राम नरेश पुत्र केशवलाल (19) को पौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# यूपी में 15 से 31 दिसंबर तक चलेगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

**प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के लिए सीएम योगी ने परिवहन विभाग को दिए सख्त दिशा-निर्देश**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसको लेकर सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, 2023 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा।

दरअसल ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है, इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं



महत्वपूर्ण मुद्दा है।

#### स्कूली वाहनों का कराया जाए फिटनेस टेस्ट

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी।सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी एवं सुड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा। कोहरे के दृष्टिगत प्रभावी पेट्रोलिंग की जायेगी। कॉमर्शियल चालकों हेतु हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जायेगा। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये समय-समय पर निर्गत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस तरह से बहुत लोगों की जिन्दगी को बचा सकते हैं।

#### सड़क दुर्घटनाओं का एनालिसिस कर एक्शन लिया जाये

निर्देश दिया गया है कि सभी मण्डल एवं जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। इसके लिये सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी दिन निर्धारित करें। बैठक में सड़क सड़क दुर्घटनाओं का जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके भी सुझाव लिये जायें। इसके अलावा बैठक में विषय विशेषज्ञों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर सकते हैं। समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं का एनालिसिस कर एक्शन लिया जाये।

एक्शन का रिजल्ट धरातल पर भी दिखना चाहिये। किसी भी चालक का लगातार तीन बार से अधिक चालान होने पर उसका लाइसेंस निरस्त किया जाये। इसके बावजूद भी उल्लंघन करने पर उसके वाहन का पंजीयन निरस्त कराया जाये। इसके अतिरिक्त जनपद में उपलब्ध क्रिटिकल केयर फैसिलिटी का भी समय-समय पर निरीक्षण करें, ताकि सड़क दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को जनपद में ही उपचार मिल सके।

## संस्कृति उत्सव के जरिये यूपी में तलाशा जायेगा हुनर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार उभरती प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने के मकसद से 25 दिसंबर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन करेगी।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि गायन, वादन, नृत्य और नाट्य की समस्त विधाओं में उत्तर प्रदेश के पारंगत कलाकारों ने देश और दुनिया में भारतीय संगीत को उच्च स्थान दिलाया है। प्रदेश के उभरते कलाकारों और सभी विधाओं के संरक्षण एवं प्रचार प्रसार के लिए योगी सरकार 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन करने जा रही है।

महोत्सव की शुरुआत गांव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता से होगी, जबकि समापन समारोह उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24-26 जनवरी 2024 के मध्य लखनऊ में किया जाएगा, जिसमे विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

इस आयोजन के उद्देश्य उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं की खोज के साथ शास्त्रीय, उप शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा लोक नाट्य की विभिन्न विधाओं से परिचित कराना है।

इसके अतिरिक्त लोक संगीत की समृद्धशाली परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ शास्त्रीय एवं लोक संगीत की पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के सभी अंचलों में ऐसे कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यतानुसार मंच प्रदान करना है।

संस्कृति उत्सव 2023 की प्रस्तावित समय सारिणी के अनुसार 25 से 30 दिसंबर तक तहसील मुख्यालयों में गांव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

वहीं एक जनवरी से 5 जनवरी 2024 के मध्य जनपद मुख्यालयों में तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 10 से 15 जनवरी 2024 तक मंडलीय मुख्यालय में जनपद स्तर के चयनित कलाकारों के बीच मुकाबला होगा, जबकि 20 से 21 जनवरी 2024 तक राजधानी मुख्यालय यानी लखनऊ में मंडल स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता होगी।

## अयोध्या में शुरु होगा सिटी बसों का संचालन

अयोध्या। श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सिटी बसों का संचालन शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम की ओर से नगरीय बसों का एक बेड़ा संचालित किया जायेगा। शहर में 50 ई-बसें चलाने की योजना है हालांकि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले केवल 25 बसों को चलाने की योजना बनायी जा रही है। नगर निगम अयोध्या नगरीय परिवहन सेवा उपलब्ध कराने जाने के लिये नगर निगम द्वारा नगरीय बसों का एक बेड़ा सडक़ पर उतारा जा रहा है। बसों का संचालन परिवहन विभाग करेगा लेकिन इसकी निगरानी नगर निगम के पास होगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ की तरह ही अयोध्या शहर व अयोध्या धाम में ही वातानुकूलित बसों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले शुरू कराये जाने की व्यापक तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने बताया योजना तो 50 सिटी बसें चलाने की है लेकिन शहर में इतनी बसें चलाया जाना मुश्किल होगा इसलिए शुरुआत में 25 ई-सिटी बसें चलाने की ही प्रक्रिया चल रही है। बसों के संचालन के लिये स्पेशल रेकिल कमेटी का गठन किया गया है जिनमें पदेन सचिव आर.एम. रोडवेज है और नगर आयुक्त उसके सदस्य हैं।

## मौका पाते ही स्कूल संचालक का रेप कर देता था स्टाफ

**हैवानियत से तंग महिला ने उठाया ये खौफनाक कदम**

देवरिया। (पीएमए) पति की नजर में सबसे भरोसेमंद स्टाफ था। लेकिन, पत्नी के साथ अक्सर हैवानियत करता था।

वह जब भी अकेली होती, मुंह दबाकर उसका रेप कर देता था। राजनीतिक रसूख का हवाला देकर धमकता भी था। स्कूल संचालक की जिम्मेदारी संभाल रही केरल से आई क्रिश्चियन महिला अपने ही स्टाफ की दरिंदगी बर्दाश्त करने को मजबूर थी। एक वक्त ऐसा आया, जब महिला ने आत्महत्या करने की ठान ली। वहीं से दरिंदगी का सारा राज बाहर आ गया।

#### आइए विस्तार से बताते हैं पूरा मामला

केरल से आए दंपति ने 10 साल पहले



तरकुलवा नगर में किराये का मकान लेकर विद्यालय खोला। स्कूल अच्छा चलने लगा तो दंपति ने इसे नजदीक के एक गांव में खुद का भवन बनाकर शिफ्ट कर दिया।

पति ने कुशीनगर में विद्यालय की अलग शाखा खोल ली और वहीं रहकर प्रबंधन संभालने लगा। पत्नी को तरकुलवा के विद्यालय की जिम्मेदारी दे दी। वह स्कूल के दूसरे तल पर बेटे के साथ रहती थी। दंपति ने स्थानीय व्यक्ति सुनील गोस्वामी को कामकाज देखने के लिए स्टाफ नियुक्त कर दिया।

सुनील स्कूल वाहनों के संचालन के साथ विद्यालय का अन्य कामकाज भी देखता था। मार्च 2023 में महिला का पैर टूट गया था। वह बेड पर पड़ी थी। आरोप है कि महिला के निशक्त होने का फायदा उठाकर सुनील ने उसके साथ पहली बार मुंह दबाकर रेप किया। उसके बाद वह जब भी मौका पता, स्कूल संचालिका के साथ दरिंदगी पर उतारू हो जाता था।

बीती दो दिसंबर की सुबह सुनील पांच बजे ही स्कूल पहुंच गया था। ऑफिस में कामकाज निपटा रही महिला को फिर से हवस का शिकार बनाया। उसकी हैवानियत से तंग आकर महिला ने आत्महत्या की ठान ली।

वह साड़ी का फंदा लगाकर लटक रही थी, तभी उसका 12 वर्षीय बेटा आ गया।

उसने यह बात अपने पिता को बताई। केरल के दंपति ने इसकी शिकायत सुनील के पिता से की तो वह मारपीट पर उतारू हो गए। इसके बाद थाने पर लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### क्या कहते हैं सीओ

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि केरल की रहने वाली महिला शिक्षिका ने तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आजमगढ़ में सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

**तेज रफ्तार ट्रक ने टैंपो में मारी टक्कर, मृतकों में 2 पुरूष और एक महिला शामिल**

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में तीन मौत का मामला सामने आया है। जिले के मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र सिधौना पेट्रोल पंप के पास देवगांव की तरफ से आ रहे टेंपों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में टेंपों में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है।

आस-पास के लोग घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुट गई है। मरने वालों में दोनों पुरूषों की शिनाख्त हो




गई है जबकि महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

#### महिला की शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

इस बारे में दैनिक भास्कर से बातचीत करते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक ने अपना संतुलन खो दिया और पीछे से टेंपों को जोरदार टक्कर मार दिया। इस भीषण हादसे में मौके पर ही टेपों में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरी सड़क खून से लाल हो गई। मृतकों की बाड़ी इस तरह से सड़क पर बिखर गई कि उसे देखा नहीं जा सकता है।

मृतकों की पहचान सप्फू अहमद (41) पुत्र गफ्फार थाना देवगांव और नागेन्द्र चौहान (36) पुत्र लोकावन चौहान के रूप में हुई है। जबकि महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मौके पर पहुंची पुलिस महिला के शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### युवक ने की आत्महत्या

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में जुए में रकम हार जाने के गम में एक युवक ने गुरुवार सुबह ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। पुलिस उप अधीक्षक राम प्रवेश राय ने बताया कि डरहट गांव निवासी शिव पूजन अहिरवार का पुत्र अरविंद (25) दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। वह काम से छुट्टी लेकर चार दिन पूर्व अपने गांव आया था। आज सुबह अरविंद ने झांसी.मानिकपुर रेलवे ट्रेक में बरीपुरा स्टेशन के निकट शटल ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी। मृतक ने इसके पहले अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया जिसमें जुए में बड़ी रकम हार जाने के कारण आत्महत्या कर लेने की बात कही है।

## अमरोहा में वकीलों का धरना तीसरे दिन भी जारी

**अमरोहा।** विभिन्न मांगों को लेकर अमरोहा की सदर तहसील परिसर में सदर तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में तीसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन व हड़ताल जारी रही। तहसील में अधिवक्ताओ ने जोरदार जुलूस निकाल कर नारेबाजी की। भ्रष्टाचार हाय हाय के नारे लगाते हुए धरना स्थल पर पहुंचे। धरने की अध्यक्षता हबीब अहमद एडवोकेट ने और संचालन मंसूर अहमद एडवोकेट ने किया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि न्यायालय तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक, न्यायालय तहसीलदार अमरोहा और कैलसा के न्यायालय में जो अविवादित धारा 34 / दाखिल खरिज की पत्रावलियां हैं, जो मुख्तार नामे और नैचुरल गार्जन व क्रेडिट कार्ड व पुराने बैनामे व आबादी के दाखिल खारिज की पत्रावलियां अकारण निरस्त कर दी जाती हैं।

राजस्व सहिंता 2006 में स्पष्ट प्रावधान है कि 45 दिन के अंदर समय सीमा में दाखिल खारिज होगा, जबकि उपरोक्त न्यायालय द्वारा राजस्व संहिता 2006 व उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली 2016 के प्रावधानों का अनुपालन किए बिना ही नामांतरण प्रसूचना निरस्त कर दी जाती है।

## पनकी पुलिस ने शातिर चोरों के गैंग को पकड़ा



कानपुर। कानपुर पनकी पुलिस ने इस्पात नगर प्लास्टिक फैक्ट्री में चोरी करने वाले गैंग का खुलासा कर दिया। इसके साथ ही पूरे माल की बरामदगी और चोरों के गैंग को अरेस्ट कर लिया है। पकड़े गए चोरों से पूछताछ करके अन्य चोरियों का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। शातिर चोरों का गैंग पलक झपकते ही किसी भी बंद फैक्ट्री या घर का ताला तोड़ देता है। इसके साथ ही दिन में रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम देता है।

#### पनकी पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी से चोरों के गैंग को पकड़ा

एसीपी पनकी टीबी सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर को इस्पात नगर की एक प्लास्टिक फैक्ट्री में लाखों के माल और लोडर की चोरी हो गई थी। शातिर चोर सीसीटीवी का डीवीआर भी उखाड़ ले गए थे। इतना ही नहीं सो रहे सिक्योरिटी गार्ड का मोबाइल भी चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से चोरी करने वाले शातिर चोरों के गैंग को अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने अपना नाम नौरैयाखेड़ा पनकी निवासी समीर, ताजपुर जहानाबाद निवासी सौरभ, सजेती किशोरपुर निवासी अमन और बक्सर बिहार निवासी आकाश गुप्ता बताया।

चारों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुआ 72 बोरी प्लास्टिक का दाना, छोटा हाथी, मोबाइल, सीसीटीवी का डीवीआर समेत अन्य माल बरामद कर लिया। चोरों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। शातिर चोरों ने बताया कि वह दिन में घूम-घूम कर रेकी करते हैं।

### मुरादाबाद में स्कूल से लौटती छात्रा को कार ने कुचला

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में गुरुवार को नेशनल हाईवे पर स्कूली बच्चों को ले जा रहे ई - रिक्शा को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर की वजह से ई-रिक्शा में बैठे भाई-बहन उछलकर सड़क पर गिर पड़े। इससे पहले कि भाई-बहन संभलते वो कार की चपेट में आ गए। कार का पहिया छात्रा के सिर के ऊपर से उतर गया और उसकी मौत हो गई। जबकि उसके भाई को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नेशनल हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मूंढापांडे से थोड़ा दूरी पर सौलत अली पेट्रोल पंप के सामने हुई। मूंढापांडे के गांव स्यौहारा बाजे निवासी महेंद्र सिंह की बेटी काजल (14 साल) मूंढापांडे के राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 7 में पढ़ती थी। उसका छोटा भाई दिव्यांशू (10 साल) इसी स्कूल में पांचवीं कक्षा का छात्र है। रोजाना की तरह स्कूल की छुट् ?टी के बाद दोपहर करीब 2 बजे दोनों भाई-बहन बाकी बच्चों के साथ बैट्री रिक्शा से घर लौट रहे थे। तभी हाईवे पर स्कूली बच्चों से भरी ई रिक्शा को हाईवे पर पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

## उन्नाव में शराब पीने से हुई दो लोगों की मौत

**एक साथ तीन लोगों ने बैठकर की थी दारू पार्टी, महकमे में मचा हड़कंप, पीएम रिपोर्ट का इंतजार**

उन्नाव। उन्नाव में दो लोगों की शराब पीने से हालत बिगड़ गई। घर पहुंचने पर उन्हें उल्टियां शुरू हो गईं। आनन-फानन में परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां दोनों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद सीओ एसडीएम भी मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के साथ ही पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, हिम्मतगढ़ के बीचपरी गांव के रहने वाले हुलासी (50) पुत्र छोटा ने बीते 5 दिसंबर को थाना क्षेत्र के ही मिर्जापुर में पृथ्वीपाल (55) पुत्र पतिपाल व जयकरन के साथ मिलकर शराब पी थी। अत्यधिक शराब पीने के बाद दोनों चलने के लायक नहीं थे। इसके बाद पृथ्वी पाल ने हुलासी के भतीजे ईश्वरदीन को फोन कर जानकारी दी।

सूचना के बाद ईश्वर दीन गांव पहुंचा और चाचा को घर ले आया। जहां रात में उनकी हालत बिगड़ी और उल्टियां शुरू हो गईं। उपचार के लिए परिवार वाले उसे पास के निजी अस्पताल ले जा रहे थे, जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उधर थोड़ी देर बाद पृथ्वी पाल की हालत बिगड़ी।



परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे कि उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। अधेड़ की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक हुलासी के भाई शिव बालक ने बताया कि उसके कोई संतान नहीं थी। खेती किसानी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

मौत होने के बाद पत्नी प्रेमवती का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर पृथ्वी पाल के दो बेटे इंद्रसेन, नरेंद्र एक बेटी अंजलि हैं। पत्नी का 8 साल पहले देहांत हो गया था।

मौत के बाद बच्चों को रो-रो कर बुरा हाल हो गया। गांव में दोनों की शराब पीने की मौत की सूचना मिलते ही हसनगंज एसडीएम नवीन चंद्र, क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना शिवराम अवधेश यादव पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की है।

वहीं दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई पूरी करने के साथ ही पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

#### दो की मौत पर डीएम, एसपी पहुंचे गांव

शराब पीने से दो लोगों की मौत की चर्चा होने के बाद जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा मृतक युवकों के गांव पहुंचे। उन्होंने पारिजनों से बातचीत की है। शराब पीने को लेकर गहनता से जांच पड़ताल की गई है। यह भी जानकारी जुटाई जा रही है कि दुकान से शराब आई थी।

इसकी जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। उधर दोनों के शवों का पोस्टमॉर्टम चल रहा है। पीएम रिपोर्ट में यदि जहरीली शराब की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिरना भी तय माना जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### केएफसी का भारत में 1000वाँ रेस्टोरेंट

नयी दिल्ली। भारत में 1995 में पहला केएफसी रेस्टोरेंट लॉन्च होने के बाद इस ब्रांड ने देश में एक हजार वां स्टोर शुरू किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पिछले दशकों में ग्राहकों की बदलती पसंद के साथ केएफसी में भी निरंतर विकास होता गया है। यह ब्रांड विश्व में अपनी पहचान के अनुरूप सबसे ख़ास और लज़ीज़ स्वाद बनाए रखते हुए भारत के अनुरूप बने रहने पर केंद्रित है। केएफसी इंडिया के मैन्यू में पूरी दुनिया में पसंद किए जाने वाले हॉट एंड क्रिस्पी बकेट, जिंजर बर्गर, पॉपकॉर्न चिकन और स्थानीय स्वाद के अनुरूप इनोवेटिव केएफसी चिज़ा, राइस बाउल्ज, चिकन रोल, वेज और तंदूरी जिंजर आदि का मिश्रण देखने को मिलता है। उसने कहा कि इस समय उसके पास 20 से अधिक ऑल-डिजिटल स्मार्ट रेस्टोरेंट हैं, जहां ग्राहकों को आसान और तेज सेवा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद ली जाती है। इसके अलावा केएफसी के रेस्टोरेंट में सेल्फ-ऑर्डरिंग डिजिटल कायोस्क स्थापित किए गए हैं, और यहाँ ऐप से भी ऑर्डर दिए जा सकते हैं। 1000वें रेस्टोरेंट के उद्घाटन के अवसर पर केएफसी ने भारत में 1000 वंचित परिवारों को भोजन राशन देने का संकल्प लिया है। ब्रांड की वृद्धि में केएफसी के फ्रेंचाइजी पार्टनर देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड और सफ़ायर फूड्स इंडिया लिमिटेड (एसएफआईएल) की अहम भूमिका रही है।

### क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने सिंजेंटा के ग्रामोक्सोन का किया अधिग्रहण

नयी दिल्ली। आरएंडडी आधारित क्रॉप प्रोटेक्शन मैन्यूफैक्चरिंग एवं मार्केटिंग कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने भारतीय बाजार में प्रयोग के लिए वैश्विक स्तर पर कृषि क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सिंजेंटा से ट्रेडमार्क ग्रामोक्सोन का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पिछले दशक में हर्बिसाइड के प्रयोग में 15 से 20 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। किसान उपज बढ़ाने के लिए इनोवेटिव तरीके अपनाने को तैयार हुए हैं। मैनुअल वीडिंग (हाथ से निराई) छोड़कर हर्बिसाइड के प्रयोग की तरफ बढ़ते झुकाव से भारत में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल ने कहा, उपज बढ़ाने और किसानों की आय वृद्धि के प्रयासों के बीच हर्बिसाइड्स क्रॉप प्रोटेक्शन का तेजी से बढ़ता हुए सेगमेंट बन गया है। ट्रेडमार्क ग्रामोक्सोन का अधिग्रहण हर्बिसाइड कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को विस्तार देने की दिशा में हमारा महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामोक्सोजन हर्बिसाइड कैटेगरी में जाना-पहचाना ट्रेडमार्क है। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के पोर्टफोलियो में इसका का जुड़ना भारत में ज्यादा से ज्यादा किसानों तक कंपनी की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### व्यंकटेश बने शिव नादर यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंट्रप्रेन्योरशिप के डीन

नयी दिल्ली। युवा उत्कृष्ट संस्थान शिव नादर यूनिवर्सिटी ने डा. सुंदरवर्धन व्यंकटेश को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंट्रप्रेन्योरशिप के डीन के रूप में पदोन्नत किया है। संस्थान ने आज यहां जारी बयान में कहा कि डा. व्यंकटेश की नई नियुक्ति 20 नवंबर, 2023 से प्रभावी है। डा. व्यंकटेश, युनिवर्सिटी की कुलपति डा. अन्नया मुखर्जी को रिपोर्ट करेंगे। डा. यंकटेश, डा. बिबेक बनर्जी का स्थान लेंगे, जिन्होंने तीन साल तक स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंट्रप्रेन्योरशिप के डीन के रूप में अपनी सेवाएं दी। डा. व्यंकटेश के पास अनुभव और विशेषज्ञता है, उन्होंने ऑडिट और मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज में काम किया है। वह कई शिक्षण संस्थाओं से भी जुड़े रहे हैं, उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलूरु और एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, थाईलैंड से जुड़े रहे हैं। वह फ्रांस, भारत, वियतनाम, नेपाल और थाईलैंड में उच्च शिक्षा के प्रमुख संस्थानों में विजिटिंग फैकल्टी भी रहे हैं। डा. व्यंकटेश के पास एग्जीक्यूटिव और मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम को डिजाइन और डिलीवरी करने का अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और वह कॉरपोरेट जगत में कई वरिष्ठ प्रबंधकों के संरक्षक भी हैं।

### भारत ने विश्वबैंक को लॉजिस्टिक्स में सुधार की पहलों, योजनाओं की जानकारी दी

**नयी दिल्ली।** भारत ने विश्वबैंक के साथ एक विशेष बैठक में देश में लॉजिस्टिक्स (परिवहन एवं आपूर्ति तंत्र) के सुधार और इस क्षेत्र को दक्ष बनाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को विनिर्माण उद्योग का बड़ा केंद्र बनाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूत कड़ी बनाने तथा मेक-इन-इंडिया अभियान का पूरा लाभ उठाने के लिए परिवहन और आपूर्ति तंत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। विश्वबैंक और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के प्रतिनिधियों के बीच कल यहां हुई बैठक की अध्यक्षता डीपीआईआईटी की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा ने की। मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस बैठक में विश्वबैंक के दल के समक्ष भारत की लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार लाने इस समय उठाए गए और आगे उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी गयी। इस बैठक में लॉजिस्टिक्स कार्यप्रदर्शन सूचकांक (एलपीआई) के काम को समर्पित दल के नोडल अधिकारियों में, लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एलपीएआई), नागरिक उड्डयन मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय, बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू), नागरिक मंत्रालय शामिल थे ।

### पाकिस्तान को एडीबी से मिली राहत, 65.5 करोड़ डॉलर के वित्तीय पैकेज को मंजूरी

नई दिल्ली। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से 65.5 करोड़ डॉलर का वित्तीय पैकेज मिला है, जिसमें बाजार दर पर 30 करोड़ डॉलर का महंगा कर्ज भी शामिल है। यह मंजूरी पाकिस्तान के वित्त मंत्री शमशाद अख्तर की ओर से देश के ऋण बोझ के अस्थिर होने की घोषणा की थी। एडीबी ने तीन अलग-अलग ऋणों के तहत पाकिस्तान के लिए एक वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दी है। इसके अन्य घटकों मेंघरेलू संसाधन जुटाने में सुधार के लिए 30 करोड़ डॉलर शामिल हैं। इसके अलावे अगस्त 2022 की विनाशकारी बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए स्कूलों के पुनर्वास के लिए 27.5 करोड़ अमरीकी डॉलर जारी करने की मंजूरी दी गई है। एडीबी द्वारा बुधवार को की गई घोषणा के अनुसार, खाद्य सुरक्षा में सुधार के लिए कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए 80 करोड़ डॉलर की घोषणा की गई है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार मनीला स्थित ऋण एजेंसी ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब विश्व बैंक के ऋण प्रबंधन और स्थिरता मिशन ने देश के ऋण प्रबंधन की समीक्षा के लिए वित्त मंत्री अख्तर से मुलाकात की है। पिछले हफ्ते, डॉ अख्तर ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान का ऋण बोझ अस्थिर हो गया है। यह एक ऐसी धारणा है जिस पर विश्व बैंक के दक्षिण एशिया के उपाध्यक्ष मार्टिन रेजर सहमत नहीं थे।

### जॉर्जिया मेलोनी के इटली ने चीन को दिया झटका

नई दिल्ली ।इटली ने चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से बाहर निकलने की पुष्टि कर दी है। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के प्रशासन ने बीजिंग को सूचित कर दिया है कि बीआरआई से बाहर हो रहा है। इटली 2019 में चीन की सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक बीआरआई पर हस्ताक्षर करने वाला एकमात्र प्रमुख पश्चिमी राष्ट्र था। उस समय अमेरिका और अन्य देशों ने इटली के कदम की कड़ी आलोचना की थी। 2013 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से शुरू किए गए, बीआरआई का उद्देश्य एशिया और यूरोप में अनुमानित 1 ट्रिलियन डॉलर का निवेश था। इस परियोजना के तहत नई और उन्नत रेलवे लाइनों और बंदरगाहों का निर्माण कर चीन को यूरोप और एशिया के अन्य हिस्सों से जोड़ना है। लेकिन बीआरआई की शुरुआत से ही अमेरिका कर्ज के जाल में फंसने वाली कूटनीति के उदाहरण के तौर पर आलोचना करता रहा है. वाशिंगटन का कहना है कि चीन की योजनाओं में ऐसी बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं जिन्हें देश वित्त पोषित करने में असमर्थ हैं, जिससे बीजिंग को अपने उद्देश्यों के लिए लाभ मिल रहा है। बीआरआई पर हस्ताक्षर करने वालों में इटली यूरोपीय संघ के 18 सदस्यों में से सबसे बड़ा था।

# एफडीआई के जरिए उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश बढ़ाने पर जोर

लखनऊ। वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के प्रयास के तहत योगी सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के जरिये राज्य में निवेश बढ़ाने पर जोर दे रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि प्रदेश को देश में निवेश के लिहाज से मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही योगी सरकार ने विशेषतौर पर प्रदेश में फॉर्च्यून-500 लिस्ट में शामिल ग्लोबल लीडिंग कंपनियों के निवेश को बढ़ाने के लिए हाल ही में बाकायदा नई फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (एफडीआई) पॉलिसी 2023 भी लागू कर दी है।

उन्होने बताया कि प्रदेश में 14 फॉर्च्यून-500 एनलिस्टेड कंपनियों की उपस्थिति है। अब इस संख्या को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के एक प्रयास के तौर पर प्रदेश में एफडीआई को आकर्षित करने व यूपी को निवेश के लिहाज से देश का मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित करने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वाले वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ)-2023 में योगी सरकार अपना प्रतिनिधिमंडल भी भेजने जा रही है। अगले वर्ष जनवरी 15 से 19 के बीच डब्ल्यूईएफ में भाग ले रहे इस प्रतिनिधिमंडल में औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार सिंह व सीएम के सचिव अमित सिंह भी शामिल होंगे।

सूत्रों ने बताया कि हाल ही में जापान की फूजी सिल्वरटेक कॉन्क्रीट प्राइवेट लिमिटेड वह पहली कंपनी बनी जिसने नई एफडीआई पॉलिसी लागू होने के बाद एक अरब रुपये से अधिक का नियोजित निवेश किया है। फूजी सिल्वरटेक को विनिर्माण




सुविधाएं स्थापित करने के लिए यीडा क्षेत्र के सेक्टर-32 में 75 प्रतिशत रियायती दरों पर 20 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। यह स्थान आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर) के पास है। इसके अतिरिक्त, एक और फॉर्च्यून 500 कंपनी जिसे सब्सिडी वाली जमीन मिलने की उम्मीद है वह सिफी इनफाइनाइट स्पेस है जो सेक्टर-28 में डेटा सेंटर के विकास के लिए काम करेगी। इसी तरह, स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में फॉर्च्यून 500 कंपनियों के लीडर्स के साथ मुलाकात करके सीएम योगी का प्रतिनिधिमंडल इन कंपनियों का एफडीआई माध्यम से व्यापक निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने की कोशिश करेगा। वहीं, अन्य वैश्विक आर्थिक मंचों पर भी उत्तर प्रदेश की व्यापक छवि प्रदर्शित करने की दिशा में भी योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इन प्रयासों में और तेजी लाने के लिए ही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार वैश्विक आर्थिक मंचों पर व्यापक उपस्थिति सुनिश्चित करने व वैश्विक दिग्गज कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संपर्क व समन्व्य प्रक्रिया अपना रही है। उत्तर प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में विदेशी निवेश आकर्षित करने में बड़ी प्रगति की है। 2001 से 2017 के बीच 17 सालों में जितना विदेशी निवेश उत्तर प्रदेश में आया, उससे करीब चार गुना ज्यादा विदेशी निवेश 2019 से 2023 के बीच सिर्फ पांच सालों में आया। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग व भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, 2000 से 2017 के बीच उत्तर प्रदेश में सिर्फ 3,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आया, जबकि 2019 से जून 2023 के बीच सीधे तौर पर करीब 11,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। अक्टूबर 2019 से जून 2023 के बीच देश के विभिन्न राज्यों में एफडीआई लिस्ट में उत्तर प्रदेश 11वें स्थान पर आ गया है। उत्तर प्रदेश से ऊपर महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, तमिलनाडु, हरियाणा, तेलंगाना, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश ने पंजाब, आंध्र प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, हिमाचल, बिहार, चंडीगढ़, गोवा और छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। इस आर्थिक वृद्धि को देखते हुए माना जा रहा है कि जल्द ही उत्तर प्रदेश के देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल हो जाएगा। हालांकि, देश में आए कुल एफडीआई की अपेक्षा यह केवल 0.7 प्रतिशत था। साल 2014-15 में 679 करोड़ रुपये, 2015-16 में 524 करोड़ रुपये तथा साल 2016-17 में 50 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आया। ऐसे में, उत्तर प्रदेश इसीलिए एफडीआई पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहा है क्योंकि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उसे इस अंतराल को पाटना होगा।

## यूपी में 10 कंपनियां करेंगी 1.11 लाख करोड़ का निवेश

**लखनऊ।** टाटा,हीराचंदानी,टस्को और ग्रीनको समेत दस दिग्गज कंपनिया उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर सकती हैं।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देशन में सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी हुई है। फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के बाद अबतक यूपी को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं। प्रथम फेज में निवेश के मामले में जिन टॉप 10 कंपनियों की चर्चा हो रही है उनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

उन्होने बताया कि जीबीसी के प्रथम फेज में सबसे बड़े निवेश के तौर पर एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (हीरानंदानी) ग्रुप की ओर



से गौतमबुद्ध नगर में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण में होने जा रहा है। 30 हजार करोड़ का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थापित करने की तैयारी है। वहीं 27 हजार करोड़ से अधिक का निवेश एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से किया जाना है।

सूत्रों ने बताया कि एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में दो संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इनमें एक झांसी में और दूसरा सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. बोर्ड से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही 17 हजार करोड़ से अधिक की परियोजना ग्रीनको कंपनी की ओर से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी प्रकार 8 हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारी जा रही है। ये प्रोजेक्ट आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में है, जिसे नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना हो रही है। ये परियोजना निर्माणाधीन है।

इसके अतिरिक्त 7500 करोड़ की परियोजना एम3एम इंडिया प्रा लिमिटेड की ओर से नोएडा में लगने जा रही है। ये रियल स्टेट की परियोजना है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा चुकी है। साथ ही रेरा से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इसी प्रकार टस्को लिमिटेड की ओर से 1 हजार मेगावाट की माताटीला फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना 6500 करोड़ की भी धरातल पर उतरने को तैयार है।

बुंदेलखंड के ललितपुर जिले में इस पार्क की स्थापना होने जा रही है, जिसके लिए सभी अनुमतियां मिल चुकी हैं तथा परियोजना का कार्यान्वयन प्रगति पर है। वहीं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड की ओर से 6 हजार करोड़ की परियोजना जालौन में धरातल पर उतरने जा रही है। इस परियोजना को भी भारत सरकार की एमएनआरई राष्ट्रीय सौर पार्क योजना के अंतर्गत अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

प्रयागराज व मीरजापुर में एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेट की ओर से 1250 मेगावाट की दो ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना भी धरातल पर उतरने जा रही है। 6 हजार करोड़ की इस परियोजना को योगी सरकार की ओर से सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। वहीं नोएडा में हाईपर रिटेल मार्ट की स्थापना इंका (आईकिया) की ओर 4300 करोड़ से किया जा रहा है। इसके लिए पर्यावरणीय अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है, इसका निर्माण भी शुरू हो गया है। इसके अलावा टाटा टेक्नोलॉजी की ओर से भी 4174 करोड़ से प्रदेश के 150 आईटीआई को अपग्रेड करने में खर्च किया जाएगा। इसके लिए कुछ माह पहले ही मुख्यमंत्री के सामने एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है।

## डेटिंग में नये अनुभव में अधिक रूचि रखते हैं युवा : टिंडर

नयी दिल्ली। मोबाइल इंटरनेट के इस युग में ऑनलाइन बढ़ते डेटिंग के चलन में युवा विशेषकर नयी पीढ़ी के नवयुवक और युवती डेटिंग के दौरान अपने रिश्ते को लेकर अधिक गंभीर नहीं रहते हैं और वे नये यादगार अनुभव हासिल करने पर अधिक जोर देते हैं।

ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर ने वर्ष 2023 का डेटिंग ट्रेंड को लेकर अपनी वैश्विक वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि कुल मिलाकर, डेटिंग करने वाले इस बात को लेकर कम चिंतित थे कि उनके रिश्ते किस दिशा में जा रहे हैं और वे नए यादगार अनुभव प्राप्त करने के अवसर बनाने में अधिक रुचि रखते थे।

इस वर्ष सकारात्मकता, आशावाद और दूसरों के साथ संबंध बनाकर स्वयं को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने जैसे विषयों के जरिये रिपोर्ट तैयार की गयी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटिंग के दौरान टिंडर पर सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला इमोजी लोगों में विशेषकर जो सिंगल हैं उनमें काफी लोकप्रिय रहा है। इसके अलावा, पॉप संस्कृति और लोगों को एक साथ लाने में संगीत की भी महत्ती भूमिका रही है। टिंडर पर बजने वाले सभी गीत टेलर स्विफ्ट, माइली और रिहाना जैसी महिला पॉप सितारों के रहे हैं।

टिंडर की मुख्य विपणन अधिकारी मेलिसा होबली ने कहा टिंडर पर डेटा देखना बहुत रोमांचक है कि जेन जेड के 69 प्रतिशत लोग पारंपरिक डेटिंग और रिश्ते के मानदंडों को चुनौती देना चाहते हैं।

इस साल विशेष रूप से एक बड़ा बदलाव आया है। डेटिंग करने वालों की यह नई पीढ़ी हमें दिखा रही है कि संभावनाओं के लिए डेट करने का क्या मतलब है, खुद को पारंपरिक अपेक्षाओं से मुक्त कर रही है, उन्हें अपनी सार्थक कहानियां लिखने की इजाजत दे रही है।

टिंडर इंडिया की लाइफ कोच और रिलेशनशिप विशेषज्ञ पार्टनर डॉ. चांदनी तुगनैत कहती हैं, इस साल हमने डेटिंग में बदलाव देखा है और युवा एकल अपनी रोमांटिक कहानियों के लेखक बन गए हैं।

## विकास के वैश्विक एजेंडे में समावेशन होना चाहिए : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री सीतारमण ने आज कहा कि विकास के वैश्विक एजेंडे में समावेशन को प्रमुखता से शामिल जाना चाहिए और ग्लोबल साउथ में व्यापक समावेशन के मुद्दों को सुना जाना चाहिए और उन्हें अगले विकास इंजन के रूप में उभरने का मौका दिया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित वैश्विक आर्थिक नीति फोरम 2023 के उद्घाटन सत्र के को संबोधित करते हुये श्रीमती सीतारमण कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक देश का एक एजेंडा होगा जो उसकी आवश्यकताओं के लिए विशिष्ट है, लेकिन कोविड-19 और तीन युद्धों के कारण हुए व्यवधान के बाद सभी की आवाजों को सुना चाहिए और ग्लोबल साउथ में व्यापक समावेशन के मुद्दों को भी सुना जाना चाहिए और उन्हें अगले विकास इंजन के रूप में उभरने के लिए मदद की जानी चाहिए। भारत की अध्यक्षता में जी-20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करना ग्लोबल साउथ के प्रति समावेशन के लिए भारत की मंशा और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि सीआईआई द्वारा आयोजित वर्तमान मंच जैसे मंचों को भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के बाद हर साल आयोजित किया जाना चाहिए, यह अगले 25 वर्षों में दुनिया कहां और किस दिशा में आगे बढ़ेगी, इस पर एजेंडा तय करने के लिए विचारकों द्वारा अधिक चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करेगी।

### 11 दिसंबर को होगी स्पाइसजेट के निदेशक मंडल की बैठक, फंड जुटाने पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। विमानन कंपनी स्पाइसजेट के निदेशक मंडल की बैठक 11 दिसंबर को होगी। इसमें तरजीही आधार पर फंड जुटाने के विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जाएगा। कंपनी की ओर से यह घोषणा उन खबरों के बीच की गई है जिनमें दावा किया गया था कि स्पाइसजेट के प्रवर्तक अजय सिंह 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक जुटाने के लिए वैश्विक स्तर पर कई लोगों के साथ बातचीत कर रहे हैं। स्पाइसजेट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, ''कंपनी का निदेशक मंडल 11 दिसंबर 2023 को होने वाली अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ तरजीही आधार पर इक्विटी शेयरों और परिवर्तनीय प्रतिभूतियों को जारी करके नई पूंजी जुटाने के विकल्पों पर चर्चा करेगी।''

## उत्तराखंड इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी पूरी, पीएम मोदी समेत देश के 50 बड़े उद्योगपति होंगे शामिल

देहरादून। (पीएमए) देहरादून में दो दिवसीय डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने जा रहा है। 8 और 9 दिसंबर को देहरादून एफआरआई में कार्यक्रम होने वाला है।8 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समिट का उद्घाटन करेंगे। इसका समापन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे।

इस समिट में देश के तमाम बड़े औद्योगिक घराने अंबानी, अडानी, जिंदल, बिड़ला, पतंजलि सहित विदेशी उद्योगपति भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफआईआर में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कोई गलती नहीं होनी चाहिए। समिट में आने वाले मेहमानों के लिए भव्य स्वागत समारोह की तैयारियां की गई है। संस्कृति विभाग के सतपाल राणा, दिनेश उप्रेती ने बताया कि लगभग 15 कलाकारों की ओर से आने वाले डेलिगेट्स का स्वागत किया जाएगा। सबसे पहले तिलक लगाया जाएगा और साथ में तुलसी की माला पहनाई जाएगी।

दूसरी तरफ सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समिट का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तमाम बड़े उद्योगपतियों की सुरक्षा के चलते चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमन ने कहा कि समिट के दौरान कार्यक्रम स्थल और आसपास क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय से तीन घंटे पहले अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचेंगे। अपने प्रभारी अधिकारी से नियमित संपर्क में रहेंगे। ड्यूटी स्थल और उसके आसपास के स्थानों को अच्छी तरह चेक करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर अधिकृत व्यक्तियों और उनके वाहनों को चेकिंग के बाद जाने की अनुमति दी जाएगी।

ड्यूटी के दौरान अधिकारी और कर्मचारी अनावश्यक मोबाइल का उपयोग नहीं करेंगे। वीवीआईपी रूट के प्रभारी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम से पूर्व ही संपूर्ण रूट व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।

## शेयर बजार के सात दिन की तेजी पर ब्रेक

**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और धातु समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाज़ार के पिछले लगातार सात दिन की तेजी थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 132.04 अंक उतरकर 69,521.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.55 अंक टूटकर 20,901.15 अंक रह गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 35,347.59 अंक और स्मॉलकैप 0.28 प्रतिशत चढ़कर 41,287.95 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3885 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2196 में तेजी जबकि 1568 में गिरावट रही वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी



की 27 कंपनियां लाभ जबकि 23 नुकसान में रही।

बीएसई के छह समूहों में बिकवाली जबकि शेष में लिवली हुई। इस दौरान एफएमसीजी 0.85, इंडस्ट्रियल्स 0.01, आईटी 0.22, कैपिटल गुड्स 0.11, धातु 0.75 और टेक समूह के शेयर 0.38 प्रतिशत गिर गए। वहीं, यूटिलिटीज़ 3.16, पावर 2.67, सर्विसेज 1.63, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.22, तेल एवं गैस 1.00, ऊर्जा 0.60, दूरसंचार 0.56, सीडी 0.54 और हेल्थकेयर समूह के शेयरों में 0.52 प्रतिशत की बढ़त रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रूख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.27, जर्मनी का डैक्स 0.19, जापान का निक्केई 1.76, हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.09 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 40 अंक की बढ़त के साथ 69,694.15 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 69,320.53 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवली की बदौलत दोपहर से पहले 69,695.33 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 69,653.73 अंक के मुक़ाबले 0.19 प्रतिशत गिरकर 69,521.69 अंक पर रहा।

वहीं, मामूली गिरावट के साथ 20,932.40 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 20,850.80 अंक के निचले जबकि 20,941.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,937.70 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत फिसलकर 20,901.15 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में भारती एयरटेल 2.46, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.80, टाटा स्टील 1.37, आईटीसी 1.06, एलटी 0.91, इंफ़ोसिस 0.54, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.51, बजाज फाइनेंस 0.43, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.38, आईसीआईसीआई बैंक 0.36, एक्सिस बैंक 0.20, एचसीएल टेक 0.18, टेक महिंद्रा 0.18, विप्रो 0.16, रिलायंस 0.13, टाटा मोटर्स 0.07, सन फ़ार्मा 0.04 और एशियन पेंट 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 2.43, अल्ट्रासिमको 1.62, टाइटन 1.10, एनटीपीसी 1.03, एसबीआई 0.62, मारुति 0.61, इंडसइंड बैंक 0.59, टीसीएस 0.37, कोटक बैंक 0.34, बजाज फिनसर्व 0.22, एचडीएफसी बैंक 0.21 और नेस्ले इंडिया के शेयरों ने 0.19 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## प्रगति मैदान में इंटरनेशनल फायर और सिक्योरिटी एक्सपो का आगाज

नयी दिल्ली। राजधानी के प्रगति मैदान में तीन दिवसीय इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी प्रदर्शनी एवं सम्मेलन इंडिया एक्सपो आज शुरू हुआ। इस तीन दिवसीय एक्सपो में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक ब्रांडों की भागीदारी और 12,000 उद्योग खरीदारों, नीति निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों, पीएसयू, सीएसओ के और सोल्यूशन इंटीग्रेटर्स के हिस्सा ले रहे हैं।

इस शो में वीडियो सर्विलांस, बायोमेट्रिक्स और आरएफआईडी, एक्सेस कंट्रोल, एआई, आईओटी, सुरक्षित शहर, सूचना सुरक्षा, जीपीएस सिस्टम, वीडियो एनालिटिक्स और इंटेलिजेंट बिल्डिंग सहित उत्पादों और समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षा पेशेवरों के लिए उच्च तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। नौ दिसंबर तक चलने वाले इस शो का उद्घाटन सीबीआई के पूर्व डायरेक्ट डी.आर. कार्तिकेयन, रेपिड मेट्रो कोरिडोर के सुरक्षा सलाहकार आईपीएस एम एस उपाध्याय, दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर आर. साथियासुंदरम (ट्रैफिक), इंफॉर्मा मार्केट्स के वरिष्ठ समूह निदेशक एवं डिजिटल प्रमुख पंकज जैन और एशियन प्रोफेशनल सेक्यूरिटी एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव चरण यादव ने किया। जैन ने कहा, 16वें आईएफएसईसी इंडिया एक्सपो का पहला दिन वास्तव में शानदार रहा।

भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में एक्सपो सुरक्षा प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति का पता लगाने के लिए उद्योग के पेशेवरों के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर रहा है। बॉयोमीट्रिक्स और सुरक्षा संरचनाओं के डिजिटलीकरण पर एक महत्वपूर्ण ध्यान केंद्रित किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### सुदेवा, गढ़वाल और ईमी का विजयी अभियान जारी

नयी दिल्ली। दिल्ली फ्यूचर स्टार्स यूथ लीग में गुरुवार को खेले गए मैचों में सुदेवा दिल्ली एफसी, गढ़वाल हीरोज, होप्स, ईमी, ग्रोइंग स्टार्स, दिल्ली टाइगर्स, तरुण संघा और जुबा संघा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। ग्रोइंग स्टार्स ने लीग की सबसे फिसड्डी टीम सीमापुरी को नौ गोलों से रौंदा, तो गढ़वाल हीरोज ने दिल्ली एफसी को 5-1 से पटखनी दी। सुदेवा और होप्स ने क्रमशः सिग्नेचर और ग्लोरियस को 4-0 से धो डाला। दिल्ली सरकार और एचसीएल के सहयोग से खेली जा रही 19 साल तक के खिलाड़ियों की यूथ फुटबॉल लीग में गढ़वाल हीरोज, सुदेवा और ईमी ने लगातार पांच-पांच मुकाबले जीतकर अच्छी खासी बढ़त बना ली है। पिछले मुकाबलों में ईमी के स्टार स्ट्राइकर पासौलुनी ने सिटी के विरुद्ध सभी पांच गाल दागे। ईमी ने यह मैच 5-1 से जीता। ग्रोइंग स्टार्स ने सीमापुरी एफसी पर 9-0 से बड़ी जीत दर्ज की, जिसमें अनुराग नेगी ने तिकड़ी जमाई। दिल्ली एफसी पर गढ़वाल हीरोज की जीत का हीरो महादवेन रहा। उसने दो गोल किए। सुदेवा दिल्ली एफसी के लिए निंगजैन ने भी दो गोल किए।

### हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में जनपद स्तरीय खेल महाकुंभ का हुआ आगाज

नैनीताल। उत्तराखण्ड के हल्द्वानी में गुरुवार को जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ का आगाज हुआ। निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस मौके पर डॉ रौतेला ने कहा कि सरकार की ओर से सभी जनपदों में खेल महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है और इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को आगे लाना और उन्हें निखारना है। उन्होंने इस मौके पर सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं भी दीं। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आज खेल में विभिन्न संभावनायें हैं। राष्ट्रीय और अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। सरकार भी खिलाड़ियों को हर संभव मदद दे रही है। इसलिए मेहनत के बल पर आगे बढ़ो और प्रदेश और देश का नाम रोशन करो। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने भी खिलाड़ियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दस दिवसीय खेल महाकुंभ में बालक/बालिकाओं की अण्डर-14, अडंर- 17 एवं अण्डर-21 बालक/बालिकाओं की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दकी, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी वंदना क्नौरा, अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### मोहन बागान एसजी ने आईएसएल में ओडिशा एफसी के खिलाफ अंक बांटे

कोलकाता। मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में ओडिशा एफसी के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला। बुधवार रात यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीरंगन में खेले गये मुकाबले में मोहन बागान सुपर जाइंट के अरमांडो सादिकु ने पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दो गोल दागते हुए स्कोर को बराबर किया। ओडिशा के अहमद जाहौर के पहले हाफ में दो गोल कर अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी थी। इसके बाद 58वें मिनट में स्टार फॉरवर्ड अरमांडो सादिकु ने मोहन बागान सुपर जाइंट के लिए गोल कर उनकी उम्मीदों को फिर से जगा दिया। सादिकु ने चोट के समय में अपना ब्रेस पूरा करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर पर ला दिया। ओडिशा एफसी अपना अगला आईएसएल मैच 17 दिसंबर को हैदराबाद एफसी के खिलाफ खेलेगा, जबकि मोहन बागान 15 दिसंबर को गुवाहाटी में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से भिड़ेगी।

### भारोत्तोलक शरबानी ने जीता स्वर्ण

कोलकाता। ग्रेटर नोएडा में इस वर्ष हुई राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली पश्चिम बंगाल की शरबानी दास ने अश्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया। 55 भार वर्ग के मुकाबले में शरबानी ने दक्षिण एशियाई खेलों की विजेता और 2019 की राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में रजत जीतने वाली ओडिशा की स्नेहा सोरेन को पराजित किया। इस वर्ष जूनियर विश्व चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहने वाली शरबानी ने कुल 186 किलो वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 80 और क्लीन एंड जर्क में 106 किलो वजन उठाया। उन्होंने स्नेहा को सिर्फ एक किलो के अंतर से हराया। स्नेहा ने कुल 185 किलो वजन उठाया। स्नेहा ने स्नैच में 79 और क्लीन एंड जर्क में 106 किलो वजन उठाया। मणिपुर की नीलम देवी ने 178 किलो के साथ कांस्य पदक जीता। 59 भार वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की यालम बालो ने 175 किलो के साथ स्वर्ण, मणिपुर की शाखेनबी देवी ने 171 के साथ रजत पदक जीता। 64 भार वर्ग में असम की दितिमोनी सोनोवाल ने 185 किलो के साथ स्वर्ण, छत्तीसगढ़ की सोनाली यादू ने 181 किलो के साथ रजत जीता। 71 भार वर्ग में छत्तीसगढ़ की अक्ता बंजारे ने 71 भार वर्ग में 175 किलो के साथ स्वर्ण और असम की सोंगिता ने 174 किलो वजन के साथ रजत पदक जीता।

### जापान के प्रधानमंत्री गुट के नेता पद छोड़ेंगे

टोक्यो। जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा पार्टी फंड में घोटाले के आरोपो के बीच सत्तारुढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में अपने गुट के प्रमुख का पद छोड़ देंगे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह खबर दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी क्योदो ने मामले से जुड़े सूत्रों का हवाला देते हुए बताया, श्री किशिदा,एलडीपी के चौथे सबसे बड़े गुट कोच्चिकाई के नेता के पद से अपने इस्तीफे की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। कोच्चिकाई उन पांच एलडीपी गुटों में से एक है, जिन्होंने कथित तौर पर राजनीतिक धन उगाहने वाले दलों से अपने राजस्व को कम बताया है। जिससे अतिरिक्त आय उनके कुछ सांसदों को रिश्वत के रूप में वापस कर दी गई होगी। दिवंगत पूर्व प्रधान मंत्री शिंजो आबे के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा एलडीपी गुट, सेइवाकेन या सेइवा नीति अध्ययन समूह पर पिछले पांच वर्षों में 2022 तक कम से कम लगभग दस करोड़ येन (लगभग 679,000 अमेरिकी डॉलर) की गुप्त धनराशि जमा करने का संदेह है। नवीनतम मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि आबे गुट में कम से कम एलडीपी के 10 सांसदों को रिश्वत मिली। हालाँकि कई प्रधान मंत्री पद पर रहते हुए अपने गुट से दूरी बनाए रखते हैं। श्री किशिदा अक्टूबर 2021 में पदभार ग्रहण करने के बाद से अपने गुट के नेता के रूप में सक्रिय हैं।

### अमेरिका में निजी क्षेत्र ने नवंबर में एक लाख 30 हजार नौकरियाँ जोड़ीं

वाशिंगटन। अमेरिका में सुस्त पड़े श्रम बाजार में निजी कंपनियों ने नवंबर में 103,000 नौकरियां जोड़ीं जो नौकरी की धीमी वृद्धि का संकेत है। पेरोल डेटा कंपनी ऑटोमैटिक डेटा प्रोसेसिंग (एडीपी) ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एडीपी की मुख्य अर्थशास्त्री नेला रिचर्डसन ने कहा, महामारी से उबरने के दौरान रेस्तरां और होटल सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता थे। लेकिन वह बढ़ावा हमारे पीछे है। रिचर्डसन ने कहा, अवकाश और आतिथ्य की प्रवृत्ति में वापसी से पता चलता है कि 2024 में समग्र रूप से अर्थव्यवस्था में अधिक मध्यम भर्ती और वेतन वृद्धि देखी जाएगी। नवंबर माह में विनिर्माण क्षेत्र में 15,000 नौकरियों की गिरावट के साथ, माल-उत्पादक क्षेत्र में 14,000 नौकरियां चली गईं। रिपोर्ट में दिखाया गया है कि सेवा प्रदान करने वाले क्षेत्र में 117,000 नौकरियाँ जोड़ी गयी। जबकि पेशेवर/व्यावसायिक सेवाओं पांच हजार और अवकाश/आतिथ्य में सात हजार की गिरावट आई। रिपोर्ट से पता चलता है कि अक्टूबर में निजी क्षेत्र में नौकरी की वृद्धि घटकर 106,000 रह गई। रिपोर्ट के अनुसार नौकरी पर रहने वालों के वेतन में नवंबर में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो सितंबर 2021 के बाद से लाभ की सबसे धीमी गति है। नौकरी बदलने वालों की भी वेतन वृद्धि धीमी देखी गई। नौकरी बदलने का प्रीमियम तीन साल के आंकड़ों में सबसे कम है।

## डब्ल्यूपीएल नीलामी में चमारी, एनाबेल और डैनी के बीच होगी प्रतिस्पर्धा

मुम्बई। द्वितीय महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नौ दिसंबर को यहां दुनियाभर के 61 विदेशी सहित कुल 165 खिलाड़ियों की नीलामी होगी। इसमें चमारी अट्टापट्टू, एनाबेल सदरलैंड, डैनी व्याट सहित अन्य विदेशी खिलाडी के बेस प्राइस पर रहेगी सबकी नजर रहेगी।

श्रीलंका की ऑलराउंडर चमारी अटापट्टू का आधार मूल्य 30 लाख रुपये है। उनका 30 लाख रुपये का आधार मूल्य होने के बावजूद इस खिलाड़ी को उद्घाटन डब्ल्यूपीएल नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। इसके अलावा चमारी को विमेंस हंड्रेड, विमेंस बिग बैश लीग या विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग में भी जगह नहीं मिली, लेकिन श्रीलंका के कप्तान ने 2023 में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया कि टीमें को उनकी कमी क्यों खल रही हैं।




ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड का बेस प्राइस 40 लाख रुपये है। एनाबेल ने डब्ल्यूपीएल 2023 में चार मैच खेले और केवल 28 रन बनाए। गुजरात जायंट्स से बाहर होने से पहले उन्होंने 10.99 की इकॉनमी रेट के साथ तीन विकेट लिए थे। एनाबेल ने महिला एशेज में फॉर्म में लौटी और नॉटिंघम में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अपना पहला टेस्ट शतक जमाया। इसके बाद द ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच में टीम का हार का सामना किया जिसमें एनाबेल ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके थे।

इंग्लैंड की ऑलराउंडर डैनी व्याट का बेस प्राइस 30 लाख रुपये है। वह 150 से अधिक टी-20 खेलने वाली केवल तीन महिलाओं में से एक है। उन्हें पिछली बार 50 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ कोई खरीदार नहीं मिला, जिससे वह कुछ हद तक निराश थी। वह विमेंस हंड्रेड चैंपियन सदर्न ब्रेव और चार्लोट एडवर्ड्स (सीई) कप विजेता सदर्न वाइपर के लिए बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर रहीं है।

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर अमांडा-जेड वेलिंगटन बेस प्राइस 30 लाख रुपये है।

वह फेयरब्रेक ग्लोबल इनविटेशनल टूर्नामेंट, डब्ल्यूसीपीएल और डब्ल्यूबीबीएल में खिताब जीतने वाली टीमों का हिस्सा रही है। उन्हें इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया था और फिर उन्होंने डब्ल्यूपीएल की शुरुआती नीलामी में भी हिस्सा नहीं लिया। लेकिन उन्होंने डब्ल्यूसीपीएल फाइनल में बारबाडोस रॉयल्स के लिए चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था।

दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल का बेस प्राइस 40 लाख रुपये है। पिछली नीलामी में कड़ी बोली के कारण यूपी वारियर्स ने इस्माइल को एक करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन सत्र में केवल तीन मैच के बाद वह इस साल खुद को नीलामी पूल में वापस पाती है। इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास लेने वाली दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज ने विमेंस हंड्रेड, डब्ल्यूसीपीएल और डब्ल्यूबीबीएल में अपना शानदार प्रदर्शन किया था।

## न्यूजीलैंड ने बंगलादेश दौरे के लिए एकदिवसीय टीम की घोषित

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड ने बंगलादेश के साथ शुरु होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए तीन नये खिलाड़ियों वाली 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

नियमित एकदिवसीय कप्तान केन विलियमसन, टिम साउदी, डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और डेवोन कॉनवे को घरेलू सत्र से पहले आराम दिया गया है। इसलिए टॉम लैथम को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है और इस टीम में तीन नये खिलाड़ियों ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन, तेज गेंदबाज विल ओ रूर्के और लेगस्पिनर आदि अशोक को टीम में शामिल किया गया है।

माइकल ब्रेसवेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, जेम्स नीशम, बेन लिस्टर और हेनरी शिपली चोट के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। ट्रेंट बोल्ट ने खुद को चयन के अलग कर दिया था

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, इस साल सर्दियों में क्रिकेट की मात्रा और तीव्रता का मतलब है कि हमें खिलाड़ियों के लिए कार्यभार के साथ संतुलन बनाने की जरूरत है, विशेषकर उन खिलाड़ियों के लिए जो कई प्रारूप खेलते हैं उन्हें संतुलन की आवश्यकता भी होगी और कुछ खिलाड़ियों को उनका पहला कॉल-अप देने में सक्षम होना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, जोश वह व्यक्ति है, जिसने अभी भी युवा होते हुए भी स्टैग्स के लिए 150 से अधिक मैच खेले हैं, लगातार योगदानकर्ता बनने के लिए बल्ले और गेंद के साथ अपने कौशल को विकसित किया है। वो और विल दोनों अभी भी घरेलू क्रिकेट में नए हैं, लेकिन शुरुआती दौर में प्रभावशाली रहे हैं इस साल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

न्यूजीलैंड 17 दिसंबर को बंगलादेश के खिलाफ पहला एकदिवसीय मैच खेलेगा। दूसरा एकदिवसीय मुकाबला 20 दिसंबर को नेल्सन में और तीसरा 23 दिसंबर को नेपियर में होगा।

## जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम घोषित

लखनऊ। चंडीगढ़ में नौ दिसंबर से शुरु होने वाली 43वीं जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा गुरुवार को कर दी गयी। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की चयन समिति के अध्यक्ष आदित्य मिश्रा ने बताया कि ऋषभ यादव को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम प्रतियोगिता में भाग लेने चंडीगढ़ पहुंच चुकी है। एसोसिएशन के महासचिव सुधीर शर्मा ने बताया कि रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप आज से शुरु हो गयी है हालांकि आज और कल यानी शुक्रवार को टीम की मीटिंग व ड्रा होगा जबकि मुकाबलों की शुरुआत नौ दिसंबर को होगी। टीम इस प्रकार है : ऋषभ यादव (सिंगल्स स्कल), रूपल यादव (सिंगल स्कल), अमन निषाद, युवराज सिंह यादव (डबल स्कल), कोच : गणेश निषाद, बालक टीम मैनेजर : डा. पुरुषार्थ शुक्ला, बालिका टीम मैनेजर : डा.सौम्या चौबे।

## गंभीर ने मुझे फिक्सर-फिक्सर बोला, गालियां दी : श्रीसंत

**सूरत ।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टूर्नामेंट में एक मुकाबले के दौरान एस श्रीसंत ने अपने पूर्व साथी गौतम गंभीर पर मैदान में फिक्कर फिक्सर कहने और गलियां देने के आरोप लगाये है।

लीजेंड्स लीग टूर्नामेंट में गंभीर इंडिया कैपिटल्स के कप्तान हैं जबकि श्रीसंत टी20 टूर्नामेंट में गुजरात जायंट्स के लिए खेल रहे हैं।



बुधवार को हुई इस मुकाबले को गंभीर की इंडिया कैपिटल्स के 12 रन से जीत लिया था। मैच के बाद श्रीसंत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जो मैच के बाद प्रस्तुति समारोह के मौके पर शूट किया गया था। श्रीसंत ने दावा किया, बिना किसी उकसावे के वह मुझे कुछ न कुछ कहते रहे जो बहुत अभद्र था और ऐसा मिस्टर गौतम गंभीर को नहीं कहना चाहिए था। उन्होंने कहा, मेरी कोई गलती नहीं है, मैं तुरंत स्थिति स्पष्ट करना चाहता था। उन्होंने क्रिकेट मैदान पर लाइव जो बातें कहीं, वह स्वीकार्य नहीं हैं।

श्रीसंत ने हालांकि तुरंत यह नहीं बताया कि गंभीर ने उनसे कथित तौर पर क्या कहा था, लेकिन मैच के अगले दिन गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक दूसरे वीडियो में उन्होंने अधिक विवरण का खुलासा किया।

श्रीसंत ने कहा, वह मुझे लाइव टीवी पर सेंटर विकेट पर बुलाते रहे, मैंने उनके लिए एक भी अभद्र शब्द, एक भी अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। मैंने केवल इतना कहा कि आप क्या कह रहे हैं। वास्तव में मैं व्यंग्यात्मक तरीके से हंसता रहा, क्योंकि वह मुझे कहता रहा, 'फिक्सर, फिक्सर, तुम एक फिक्सर हो... बकवास बंद फिक्सर। यह वह भाषा है जिसका उपयोग उन्होंने लाइव पर किया था। मैं बस चला गया, लेकिन वह रुके रहे एक ही शब्द बार-बार कहने पर। मुझे नहीं पता कि उसने ऐसा क्यों शुरू किया। यह ओवर का अंत था... पता नहीं उसने ऐसा क्यों कहा।

उल्लेखनीय है कि श्रीसंत राजस्थान रॉयल्स के उन तीन खिलाड़ियों में से एक थे जिन्हें वर्ष 2013 के आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में शामिल होने के कारण क्रिकेट से प्रतिबंधित लगाया था।

## 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों से मिले इंडियन एम्बेसडर

### मौत की सजा के खिलाफ 2 बार सुनवाई हुई; सभी 1 साल से कैद

कतर की जेल में कैद भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों से वहां मौजूद भारत के एम्बेसडर विपुल ने मुलाकात की है। ये मुलाकात रविवार यानी 3 दिसंबर को हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसकी जानकारी गुरुवार को दी।

बागची ने कहा- हमने पूर्व नौसैनिकों की मौत की सजा के खिलाफ अपील की थी। इसके बाद 2 बार सुनवाई हो चुकी है। हम मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्हें सभी कानूनी और काउंसलर मदद दी जा रही है। ये बेहद संवेदनशील मामला है, इसलिए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।



#### 23 नवंबर को सजा के खिलाफ याचिका स्वीकार हुई थी

इससे पहले 23 नवंबर को नौसैनिकों की मौत की सजा के खिलाफ लगाई गई याचिका को कतर की अदालत ने स्वीकार कर लिया था। भारत सरकार ने करीब 1 महीने पहले पूर्व नौसैनिकों की सजा के खिलाफ अपील की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने 9 नवंबर को अपील दायर करने की जानकारी दी थी।

उन्होंने कहा था- भारत को इन सैनिकों से मुलाकात के लिए दूसरा काउंसलर एक्सेस भी मिल गया है। भारत सरकार लगातार कतर के संपर्क में है। कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश।

26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुना दी। फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार आठ भारतीयों पर इजराइल के लिए जासूसी करने का आरोप है। अल-जजीरा की एक रिपोर्ट के अनुसार आठों पर कतर के सबमरीन प्रोजेक्ट से जुड़ी इनफॉर्मेशन इजराइल को देने का आरोप है।

हालांकि, कतर ने अब तक आरोप सार्वजनिक नहीं किए हैं। 30 अक्टूबर को आठों पूर्व नौसैनिकों के परिवारों ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी। सूत्रों के मुताबिक भारत कतर को मनाने के लिए तुर्किये की मदद ले रहा है।

तुर्किये के कतर के शाही परिवार के साथ अच्छे संबंध हैं, इसलिए भारत सरकार ने उसे मध्यस्थता के लिए अप्रोच किया है। भारत सरकार ने मदद के लिए अमेरिका से भी बात की है। इसकी वजह ये है कि रणनीतिक तौर पर अमेरिका की कतर पर ज्यादा मजबूत पकड़ है।

#### सरकार को गिरफ्तारी की जानकारी ही नहीं थी

कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने इंडियन नेवी के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया था। हालांकि, भारतीय दूतावास को सितंबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया था।

30 सितंबर को इन भारतीयों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ी देर के लिए टेलीफोन पर बात करने की मंजूरी दी गई थी। पहली बार काउंसलर एक्सेस 3 अक्टूबर को गिरफ्तारी के एक महीने बाद मिला। इस दौरान भारतीय दूतावास के एक अधिकारी को इनसे मिलने दिया गया था।

## 6 महीने से लापता पूर्व चीनी विदेश मंत्री की मौत

### दावा- क्विन गेंग को टॉर्चर किया; टीवी एंकर से अफेयर और जासूसी के आरोप थे

6 महीने से लापता चीन के पूर्व विदेश मंत्री क्विन गेंग की मौत हो गई है। ये दावा अमेरिकी मीडिया हाउस पॉलिटिको ने किया है। रिपोर्ट में क्विन की मौत की वजह सुसाइड या टॉर्चर बताई गई है। पॉलिटिको ने चीन के 2 अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि क्विन की जुलाई में ही बीजिंग के एक मिलिट्री अस्पताल में मौत हो गई थी।

इस अस्पताल में चीन के टॉप लीडर्स का इलाज किया जाता है। दरअसल, शी जिनपिंग के करीबी रहे क्विन को इसी साल जुलाई में विदेश मंत्री के पद से हटा दिया गया था। उन पर जासूसी करने का भी आरोप लगा था। इस मामले में अब तक जांच की जा रही है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि क्विन का चीन की



एक पॉपुलर टीवी एंकर फू जियोतियान से अफेयर था, इसी वजह से उन्हें फॉरेन मिनिस्टर की पोस्ट से हटा दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एंकर के साथ क्विन का एक बेटा भी है, जो अमेरिकी नागरिक है।

#### अमेरिका को चीन के न्यूक्लियर सीक्रेट्स बेच रहे थे क्विन

पॉलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, क्विन पर अमेरिका को चीन के न्यूक्लियर सीक्रेट्स बेचने का आरोप था। चीन के अधिकारियों के हवाले से पॉलिटिको ने बताया कि इसमें गेंग के साथ पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और चीन की रॉकेट फोर्स के कमांडर ल्यू युचाओ भी शामिल थे। ये रॉकेट फोर्स चीन के न्यूक्लियर प्रोग्राम के लिए जिम्मेदार है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस के डिप्टी विदेश मंत्री रुडेन्को ने जिनपिंग को इस बात की जानकारी दी थी। जिस समय क्विन लापता हुए थे, तभी ल्यू भी गायब हो गए थे। इसके अलावा उसी समय सेना के कई सीनियर और पूर्व अधिकारियों को हिरासत में लिया गया था। इनमें से ज्यादातर अधिकारियों को बाद में पद से भी हटा दिया गया था। इन सबके बीच तत्कालीन रक्षा मंत्री ली शांगफू भी गायब हो गए थे। अक्टूबर में चीनी सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया।

## रिपब्लिकन ने सीनेट में यूक्रेन के लिए सहायता विधेयक पर लगाई रोक

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों ने यूक्रेन के लिए एक सहायता विधेयक को पारित होने से रोक दिया है। बीबीसी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक सौ 10 अरब पैकेज में यूक्रेन के 61 अरब डॉलर, साथ ही इजरायल के लिए धन और गाजा के लिए सहायता शामिल थी। व्हाइट हाउस ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन के लिए अमेरिकी फंड जल्द ही खत्म हो सकता है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी और सहायता प्राप्त करने में विफलता से आशंका उत्पन्न होती है कि युक्रेन रूस से युद्ध हार जाएगा।

## रिपब्लिकन ने सीनेट में यूक्रेन और इजरायल सहायता विधेयक पर लगाई रोक

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों ने यूक्रेन के लिए एक सहायता विधेयक को पारित होने से रोक दिया है क्योंकि वे बदले में मांगी गई सीमा समझौते को सुरक्षित करने में विफल रहे हैं। यह जानकारी बीबीसी न्युज ने गुरुवार को दी। 110 अरब पैकेज में यूक्रेन के 61 अरब डॉलर, साथ ही इजरायल के लिए धन और गाजा के लिए सहायता शामिल थी। व्हाइट हाउस ने चेतावनी दिया है कि यूक्रेन के लिए अमेरिकी फंड जल्द ही खत्म हो सकता है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने कहा कि ज्यादा अमेरिकी सहायता प्राप्त करने में विफलता का मतलब बहुत अधिक संभावना होगी कि यूक्रेन रूस से युद्ध हार जाएगा। रिपब्लिकन सदस्य आम तौर पर यूक्रेन को सहायता देने के पक्ष में हैं, जबकि कुछ ने इसे अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर बढ़ती घरेलू चिंताओं को दूर करने के लिए उपयोग में लाने की मांग की है। सीनेटरों- जिसमें सभी रिपब्लिकन शामिल हैं- ने विधेयक पारित करने के खिलाफ 49 के मुकाबले 51 वोट दिए जबकि 60 मतों की जरूरत थी। इस मतदान ने भविष्य में यूक्रेन की सहायता को लेकर अनिश्चितता उत्पन्न कर दी है और सांसदों को बातचीत की मेज पर वापस बुलाया गया है, जब तक कि कांग्रेस शीतकालीन अवकाश घोषित नहीं किया है।

### सीमा पर सैनिकों को तैनात कर रहा है ब्राजील

ब्राजिलिया। ब्राजील ,वेनेजुएला से लगी अपनी सीमा पर सैनिकों की तैनाती कर रहा है। ब्राज़ील ने कहा है कि वेनेजुएला सरकार की ओर गुयाना द्वारा नियंत्रित क्षेत्र को अपने क्षेत्र में शामिल करने की योजना की घोषणा के बाद वेनेजुएला से लगी अपनी सीमा पर सैनिकों को तैनात किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि तेल से समृद्ध एस्सेकिबो क्षेत्र 19वीं सदी से विवादित इलाका है। उस समय जब गुयाना एक ब्रिटिश उपनिवेश था। कुछ साल पहले अपतटीय तेल और गैस भंडार की खोज के बाद वेनेजुएला ने अपने भूमि दावों को नवीनीकृत किया। इसके बाद वेनेजुएला में रविवार को जनमत संग्रह के बाद से तनाव बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि वेनेजुएला के 95 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने एस्सेक्विबो पर सरकार के दावे का समर्थन किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सरकारी तेल कंपनी से वहां निष्कर्षण लाइसेंस जारी करने के लिए कहा है और प्रस्तावित किया है कि नेशनल असेंबली इस क्षेत्र को वेनेजुएला का हिस्सा बनाने के लिए एक विधेयक पारित करे। इसी वजह से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और गुयाना ने अपने सैनिक हाई अलर्ट पर रखा हैं।

### इजरायली हमले में 30 की मौत

गाजा। गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो पत्रकारों के 30 परिजनों की मौत हो गयी है। इनमें से एक पत्रकार अल जज़ीरा और एक सीएनएन का है। हमले में अल जजीरा के संवाददाता मोइमेन अल-शरीफी के पिता, मां और कई भाई-बहनों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि एक विस्फोटक बैरल उनके घर पर गिरा, जिससे एक गहरा छेद हो गया। उन्होंने अल जजीरा को बताया, हमें अपने प्रियजनों को अलविदा कहने से रोका जाता है और उन्हें उचित तरीके से दफनाने से भी वंचित किया जाता है। विनाशकारी हमले के परिणामस्वरूप अल-शरीफ़ी के परिवार के कम से कम 21 सदस्यों की मृत्यु हो गई, जिनमें उनकी भतीजी और भतीजे भी शामिल थे। एक बयान में, अल जज़ीरा मीडिया नेटवर्क ने इजरायली हमले की निंदा की और कहा कि वह इस अपराध के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को जवाबदेह ठहराने के लिए सभी कानूनी कदम उठाएगा। नेटवर्क ने कहा, यह भयावह घटना बुधवार को जबालिया कैंप में सामने आई, जहां मोआमेन के परिवार ने शरण ली, जिससे उसके पिता, मां, तीन भाई-बहनों और उनके बच्चों की हत्या हो गई। बयान में कहा गया, अल जज़ीरा अंतरराष्ट्रीय समुदाय और प्रेस स्वतंत्रता संगठनों से इन नरसंहारों को तुरंत समाप्त करने और शहीदों के परिवारों और निर्दोष पीड़ितों के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए काम करने का आह्वान करता है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# भाजपा गुजरात की तर्ज पर अब मप्र, छग और राजस्थान में भी नए चेहरे को बना सकती है सीएम

**नई दिल्ली।** (पीएमए) मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्री के चेहरे की तलाश कर रहे भाजपा आलाकमान ने अब इन तीनों राज्यों में गुजरात की तर्ज पर बड़े बदलाव करने का मूड बना लिया है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार रात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास (7, लोक कल्याण मार्ग) पर प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 4 घंटे से भी अधिक समय तक चली मैराथन बैठक में तय कर लिया गया है कि अब इन तीनों राज्यों में ऐसे युवा नेताओं को मुख्यमंत्री पद पर बैठाया जाए, जो आने वाले 20-25 वर्षों तक पार्टी का चेहरा बने रहें। यानी गुजरात की तर्ज पर अब इन तीनों राज्यों में भविष्य को ध्यान में रखते हुए युवा एवं नई भाजपा का गठन किया जाए, जो संगठन से लेकर सरकार तक में साफ-साफ नजर आए।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी, शाह और नड्डा की बैठक में यह भी तय किया गया कि इन तीनों राज्यों में विधानसभा का चुनाव जीतकर आने वाले सभी सांसद और केंद्रीय मंत्री अपने पदों से इस्तीफा देकर विधान सभा सदस्य बने रहें और अपने-अपने राज्यों में सक्रिय रहकर काम करें।

पार्टी आलाकमान के निर्देश को मानते हुए मध्य प्रदेश में विधायक का चुनाव जीतने वाले नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राव उदय प्रताप, राकेश सिंह और रीति पाठक ने बुधवार को लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। तोमर और पटेल मोदी सरकार में मंत्री हैं और जल्द ही ये मंत्री पद से भी इस्तीफा दे देंगे। इन दोनों नेताओं को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदारों में भी गिना जा रहा है।

वहीं, पार्टी आलाकमान के निर्देश पर राजस्थान में विधायक का चुनाव जीतने वाले राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और दीया कुमारी ने भी लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इन दोनों नेताओं के अलावा राजस्थान में विधायक का चुनाव जीतने वाले किरोड़ी लाल मीणा ने भी राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ में विधायक का चुनाव जीतने वाले प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और गोमती साय ने भी लोकसभा की सदस्यता से बुधवार को इस्तीफा दे दिया है। दो सांसद महंत बालकनाथ और रेणुका सिंह इस्तीफा देने नहीं पहुंच पाएं। लेकिन, ये दोनों भी संसद सदस्यता से इस्तीफा देंगे।

नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद पटेल की तरह रेणुका सिंह भी केंद्रीय मंत्री हैं और ये भी सांसद और मंत्रिपद दोनों से ही इस्तीफा देंगी। आपको बता दें कि भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान, तीनों राज्यों के विधान सभा चुनाव में अपने 21 सांसदों को उम्मीदवार बनाया था, जिनमें से ये 12 सांसद चुनाव जीते थे।

तीनों राज्यों में नए चेहरों की बात करें तो मध्य प्रदेश में सबसे आगे ज्योतिरादित्य सिंधिया नजर आते हैं। अगर पार्टी शिवराज सिंह चौहान को रिपीट नहीं करती है तो फिर ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय में किसी एक को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

पहले कमलनाथ की सरकार गिराकर फिर से भाजपा की सरकार बनवाने और इस बार के विधानसभा चुनाव की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी छवि और लोकप्रियता के कारण इस रेस में फिलहाल सबसे आगे नजर आ रहे हैं।

वहीं, राजस्थान की बात करें तो वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाय इस बार पार्टी यहां भी नए चेहरे को आगे करने का मन बना चुकी है। वसुंधरा की तरह राजघराने से ताल्लुक रखने वाली दीया कुमारी पर भी पार्टी दांव लगा सकती है, जो महिला भी हैं और युवा चेहरा भी हैं।

दीया कुमारी के अलावा हिंदू नेता की छवि वाले और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह नाथ संप्रदाय से ताल्लुक रखने वाले महंत बालकनाथ पर भी भाजपा दांव खेल सकती है।

इन दोनों नेताओं के अलावा केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, किरोड़ी लाल मीणा, ओम माथुर और राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी भी सीएम की रेस में बने हुए हैं।

छत्तीसगढ़ की बात करें तो पार्टी आलाकमान राज्य के आदिवासी चेहरों केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय या ओबीसी नेता एवं वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के अलावा आईएएस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले ओपी चौधरी में से किसी एक नेता को मुख्यमंत्री बना सकती है।

हालांकि, पार्टी सूत्रों की माने तो, आलाकमान इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री बनाने का भी मूड बना चुका है। बताया जा रहा है कि पार्टी जल्द ही भाजपा पर्यवेक्षकों का नाम तय कर भोपाल, रायपुर और जयपुर भेजेगी, जहां पर्यवेक्षक विधायक दल की बैठक में विधायकों से विचार-विमर्श कर आलाकमान को विधायकों की राय से अवगत कराएंगे और भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में अंतिम मुहर लगने के बाद पार्टी तीनों राज्यों में अपने मुख्यमंत्रियों के नाम का ऐलान कर देगी।

# प्रस्तुति शर्मा को मिली विश्वस्तरीय श्वार्ज़्मैन स्कॉलरशिप

श्वार्ज़्मैन स्कॉलरशिप पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय मामलों में शोध और भविष्य के नेतृत्व को तैयार करने के लिए पूरी दुनिया से केवल 150-200 प्रतिभाशाली युवाओं को दी जाती है यह स्कॉलरशिप अमेरिका,इंग्लैंड और चीन में शोधकार्य के लिए दी जाती है इस बार 2024-25 के लिए चीन में शोध करने के लिए आज न्यूयॉर्क,अमेरिका से शोधार्थियों की सूची को जारी किया गया। जिसमें मंडी पिलखुवा की बेटी प्रस्तुति शर्मा को इस स्कॉलरशिप के लियें चुना गया है। विश्व स्तर पर आयोजित की गई इस परीक्षा में 4200 बच्चों ने लन्दन के साक्षात्कार में भाग लिया। उनमें से 150





को यह स्कॉलरशिप मिली है। भारत से केवल दो युवा को चुना गया है प्रस्तुति शर्मा इसमें पहला स्थान प्राप्त किया है दूसरे स्थान पर मुंबई के एक युवक को यह स्कॉलरशिप मिली है। प्रस्तुति शर्मा मंडी पिलखुआ के ऋषि कुमार शर्मा, उप सचिव हिंदी अकादमी की पुत्री व सुप्रसिद्ध समाजसेवी मनोज शर्मा जॉनी की भतीजी हैँ। प्रस्तुति आगामी जुलाई में अध्ययन के लिए शिंगुआ विश्वविद्यालय बीजिंग चीन चली जाएंगी ।जिसका एक वर्ष का पूरा खर्चा यह संस्थान उठाएगा।

प्रारंभ से ही मेधावी छात्र के रूप में रही प्रस्तुति शर्मा ने 12वीं कक्षा में इतिहास विषय में 100 में से 100 अंक लाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। नवयुग स्कूल लक्ष्मीबाई नगर से कक्षा 12 पास करने के बाद,करोड़ीमल कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से भूगोल विषय में बीए हॉनर्स पास करके टीच फॉर इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ गई। संप्रति वे राजनीति विज्ञान में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर में अध्ययन कर रही है। भरतनाट्यम नृत्य,संगीत और भ्रमण में रुचि रखने वाली प्रस्तुति शर्मा ने अपने परिवार, क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने ने प्रस्तुति शर्मा और उनके परिवार को बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 9 को

गोरखपुर। (पीएमए) 9 दिसम्बर 2023 को महादेव झारखण्डी शिव मंदिर प्रांगण में मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का एक वृहद कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत यात्रा वैन पर शहरी क्षेत्र हेतु निर्धारित कार्यक्रमों का प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी मध्यान्ह 12 बजे सभी जन प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित होंगे और अपरान्ह 12.30 बजे से मा0 प्रधानमंत्री जी के लाइव सम्बोधन को सुनेंगे। संकल्प यात्रा के साथ के साथ सहयोजित किये गये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नये स्वीकृत 1100 आवासों (ऐसे लाभार्थी जिन्हें प्रथम किस्त के रूप में 50 हजार की धनराशि हस्तांतरित कर दी गयी है, अपनी भूमि पर स्वंय निर्मित करेंगे) का सांकेतिक भूमि पूजन भी मुख्यमंत्री जी के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में संकल्प यात्रा हेतु निर्धारित 4 प्रमुख कार्यक्रम-पी0एम0 स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना, पी0एम0 उज्जवला योजना एंव आधार अपडेट के कैम्प के साथ साथ 5 अन्य कल्याणकारी योजनाओं के, विभागों के कैम्प भी संचालित होंगे। सभी कैम्पों में योजना हेतु पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण होगा तथा उनकी समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण किया जायेगा। उक्त जानकारी नगर आयुक्त/परियोजना निदेशक डूडा गोरखपुर ने दी है।

# शार्ट न्यूज

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा : मंदिर निर्माण में शामिल श्रमिक भी होंगे आमंत्रित

लखनऊ/ अयोध्या। (पीएमए) अयोध्या में भगवान राम मंदिर निर्माण में जुटे श्रमिकों को 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया जा रहा है। यह निर्णय श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से लिया गया है। वे भी रामलला की प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मानें तो रामलला मंदिर को आकार देने वाले श्रमिकों को भी राम मंदिर ट्रस्ट आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिंदुस्तान के सभी राज्य, सभी भाषाएं, देश में पूजा पद्धति की जितनी भी परंपरा है, गुरु परंपरा उन सभी परंपरा के संत महंत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आएंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में 4000 संत होंगे। इसके अलावा समाज का हर क्षेत्र खेल जगत, कला जगत, कवि, लेखक, साहित्यकार, अनुसूचित जाति जनजाति घुमंतू जाति सेवा निवृत सेना और पुलिस के अधिकारी भी शामिल होंगे। चंपत राय ने बताया कि ऐसे भी परिवार को बुलाया जाएगा जिनके परिवार के व्यक्ति ने राम मंदिर आंदोलन में बलिदान दिया था।

## जलाधिकारी ने किया विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

आजमगढ़ । (पीएमए) जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमबाग आजमगढ़ में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने फिनिशिंग कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निष्प्रयोज्य सामानों को तत्काल साफ कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि वायरिंग एवं अन्य इलेक्ट्रिक कार्यों को पूर्ण किया जाये। उन्होने अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर की सड़कों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने बन चुके भवनों पर किये जा रहे पेटिंग के कार्य का निरीक्षण किया, उन्होने निर्देश दिया कि पेन्टिंग आदि का कार्य 31 दिसम्बर तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोप में मृतक की पत्नी को जेल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले की ऊंचाहार पुलिस ने आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोप में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऊंचाहार इलाके में बीते रविवार को मनीचंद्र (30) ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। आरोप था कि मृतक की पत्नी विजया देवी (26) और उसके तथाकथित पुरूष मित्र अंगद (22) ने मनीचंद्र को आत्महत्या करने के लिये उकसाया था। पुलिस ने दोनो को आज सुबह सवैया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मनीचन्द्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की घटना सामने आई थी। मुकदमा भी आत्महत्या का दर्ज हुआ था लेकिन मामले की तहकीकात में मनीचन्द्र की मौत के पीछे उसकी पत्नी विजया और अंगद की मित्रता और मनीचन्द्र से मारपीट की बात सामने आयी थी। पुलिस का कहना है आरोपी महिला पहले एक बार अपने तथाकथित प्रेमी के साथ भाग भी चुकी है। पुलिस ने आज दोनो को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बस्ती मे 12 हजार से अधिक वादों का निस्तारण एक माह के भीतर

बस्ती । उत्तर प्रदेश मे बस्ती जिले के विभिन्न न्यायालयो मे विचाराधीन 20 हजार वादो मे से 12 हजार का निस्तारण एक माह के भीतर किया जायेगा। जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने गुरुवार को बताया कि जिले के विभिन्न न्यायालयों में धारा 24,116,67 तथा 34 से सम्बंधित 20 हजार वाद लम्बित है जिसका निस्तारण करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाया जा रहा है। जो मामले एक वर्ष से लम्बित चल रहे है उनका निस्तारण सूची बद्ध करके गुण दोष के आधार पर किया जायेगा। उन्होने बताया कि वर्तमान समय मे 20 हजार वादो मे से 12 हजार वाद लगभग एक साल से लम्बित है। उनको प्राथमिकता से निस्तारण करने के लिए पूरा प्रयास किया जायेगा। प्रयास रहेगा कि एक माह के भीतर लगभग 12 हजार से अधिक वादों का निस्तारण कर दे जिससे लोगो को बार-बार न्यायालय का चक्कर न काटना पड़े। इसके लिए न्यायालय से सम्बंधित सभी अधिकारियों को निर्देश प्रदान किया गया है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में पहली बार विनिर्माण निर्यात को मिली बढ़त : वैष्णव

नयी दिल्ली। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज दावा किया कि भारत की अर्थव्यवस्था एक ऐतिहासिक मोड़ पर पहुंच गयी है जहां निर्यात बाज़ार में विनिर्माण क्षेत्र ने सेवा क्षेत्र को पीछे छोड़ दिया है और जल्दी ही भारत का निर्यात एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया भारत आज हर साल एक करोड़ 80 लाख नये रोज़गार अवसर पैदा कर रहा है। श्री वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में ये जानकारियां साझा कीं। वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था एक ऐतिहासिक मोड़ पर पहुंच गयी है। देश में लंबे समय से विनिर्माण यानी मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने की बात कही जाती रही लेकिन ऐसा हो नहीं पाया था। बीते 40 से 50 साल के दौरान भारत में विनिर्माण लगातार घटता रहा और हम उसकी क्षमता का दोहन नहीं कर पाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया के नारे का मज़ाक उड़ाते थे और आज हालात खुद उनका ही मज़ाक उड़ाने लगे हैं।

## मध्यप्रदेश के पूर्वोत्तर के अनेक हिस्सों में बारिश

भोपाल। मध्यप्रदेश में मौसम के बदले मिजाज के बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वोत्तर के अनेक हिस्से में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी। वहीं, कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुयी जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के रीवा, जबलपुर और शहडोल संभागों के जिलों के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। वहीं नर्मदापुरम एवं सागर संभागों के जिलों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुयी। शेष संभागों में मौसम शुष्क रहा। राजधानी भोपाल में सुबह धूप खिलने के बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जिससे ठंडक बनी रही। इस बीच उमरिया में 21़ 4 मिलीमीटर (मिमी), सिवनी में 20़ 8 मिमी, मंडला में 16़ 1 मिमी, खजुराहो में 2 मिमी के अलावा दमोह, बैतूल और सागर जिलों में कहीं कहीं हल्की वर्षा हुयी।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

बलिया । (पीएमए) जिलाधिकारी रविंद्र कुमार बृहस्पतिवार को दोपहर में जिला चिकित्सालय, बलिया का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां पर आपातकालीन कक्ष, माइनर ऑपरेशन थिएटर, स्टोर रूम, पोस्ट कोविड वार्ड, मेडिकल वार्ड,ईएमओ वार्ड और चिकित्सालय में स्थित रैन-बसेरा का निरीक्षण कर मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में जाकर मरीजों से बातचीत की और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए प्रत्येक बेड वाइज ओढने के लिए नि:शुल्क दो कंबल और भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करवाने एवं शाम तक इसकी रिपोर्ट सीएमओ के माध्यम से भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के बाहर भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क उपलब्ध होने वाले कंबल और भोजन का बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को इन सुविधाओं के बारे में पता चल सके। उन्होंने चिकित्सालय परिसर और उसके प्रत्येक कक्षों की बेहतर साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को रात्रि भ्रमण कर मरीजों को मिलने वाली सारी सुविधाओं का जायजा लेने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सालय के स्टॉक रुम में जाकर कंबल स्टॉक और स्टॉक रजिस्टर चेक किया। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में स्थित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया और वहां पर महिला और पुरुष के लिए अलग कमरे, शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## अमरोहा में नौ पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक निरीक्षक समेत नौ पुलिसकर्मियों को लाइन हाज़िर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र में विवादित ज़मीन पर राजस्व विभाग के बगैर कब्ज़ा दिलाने के दौरान दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनने के बाद मामले की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से की गई थी। मामले की गंभीरता के मद्देनजर ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने नगर कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर क्राइम अमरीश त्यागी,सब इंस्पेक्टर पुष्पेन्द्र राठी,हेड कांस्टेबल सुधीर तोमर, महिला कांस्टेबल नाजमा, तथा दीपक कुमार समेत नौ पुलिसकर्मियों के ख़िलाफ़ बुधवार रात्रि में कार्रवाई करते हुए लाइन हाज़िर कर दिया।

# चकबंदी विभाग में लापरवाह और भ्रष्टाचारी अधिकारियों पर गिरी गाज

लखनऊ । (पीएमए) पद के दुरुपयोग, काम में लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार हंटर चला रही है। इसी क्रम में चकबन्दी कार्यों का निर्वहन न किए जाने पर चकबन्दी अधिकारी, मुजफ्फरनगर अनुज सक्सेना को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि बलिया में कार्यरत चकबन्दी अधिकारी शिव शंकर प्रसाद सिंह की एक वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोकने के अलावा मेरठ के सहायक चकबन्दी अधिकारी मनोज कुमार नीरज को निलम्बित कर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

चकबन्दी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि अमरोहा में कार्यरत सहायक चकबन्दी अधिकारी, नितिन चौहान के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की गई है। जनपद इटावा के ग्राम बनी में कार्यों की अनियमितता के लिए चकबन्दी अधिकारी, अवधेश कुमार गुप्ता व सहायक चकबन्दी अधिकारी, संतोष कुमार यादव व सहायक चकबन्दी अधिकारी अखिलेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गई है व चकबन्दी लेखपाल ओम नारायण को निलम्बित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त चकबन्दी प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने पदीय दयित्वों का निर्वहन सही रूप से नहीं किया तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जीएस नवीन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 1,34,425 वादों का निस्तारण किया जा चुका है। इसके वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 231 ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कराकर जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-52 (1) के अन्तर्गत प्रख्यापन कराया गया है। ग्रामों को जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-6 (1) के अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रियाओ से अलग कर दिया गया है। जिन ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण करा कर धारा-52(1) का प्रख्यापन कराया जा चुका है, उन ग्रामों में राजस्व तथा चकबन्दी प्राधिकारियों द्वारा भ्रमण कर चकबन्दी से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का किया आयोजन

हरदोई । (पीएमए) विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड पिहानी के ग्राम ऐठाखेडा व पतरास में मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी जी द्वारा दोनो ग्रामों में यात्रा कार्यकम की आगवानी की गई। जिसमें ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेयी जी ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी भी उपस्थिति रहे। विकास खण्ड टडियावां में ग्राम रावल में मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्याम प्रकाश जी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम अयारी में माननीय ब्लाक प्रमुख रवि प्रकाश जी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम कसमण्डी में माननीय विधायक प्रभाष कुमार जी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, अहिरोरी विकास खण्ड के ग्राम करीमनगर सैदापुर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंह चन्देल, विकास खण्ड सुरसा के ग्राम सुगंवा में समाज सेवी श्री धंनजय मिश्रा जी ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, सुरसा विकास खण्ड के ही ग्राम हुसियापुर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष रजनीश कुमार, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम कुतुआपुर में माननीय ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र कुमार सिंह जी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड साण्डी के ग्राम सेमरिया में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम बरनई चतरखा में ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बावन की ग्राम रामपुर जटौली व ऐजा में भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम पहतोईया व उत्तरकौध में भाजपा मण्डल अध्यक्ष, ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड भरावन के ग्राम पीपरगांव में जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश अर्कवंशी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी व रूदौले नेवादा में समाज सेबी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहे। विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम मझियाजफरपुर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम शाहपुर बसुदेव व सरायऊद में भजपा मण्डल अध्यक्ष रत्नेश सिंह जी, ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम भाभरकेशवेंपुर में श्री श्याम सिंह, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम मैकपुर में ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड शाहाबाद में ग्राम कचूरा व गदाईपुर में ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। माननीय मुख्य अतिथि जन प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि यह कार्यकम समस्त योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस हेतु सभी अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त योजनओं के पात्र लाभार्थी को लाभान्वित करें।

# महोबा में गोबर से दम घुटने से बालक की मौत

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र में गुरुवार को भैंस के गोबर से दम घुटने के कारण एक अबोध बालक की मौत हो गई।

उप पुलिस अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि मामला सतारी गांव का है, जहां मुकेश यादव के परिवार में दूध बिक्री का पारंपरिक व्यवसाय होता है।

इस बाबत उसके घर मे छह भैंस पली है। बताया गया है कि मुकेश किसी काम से बाहर गया था। उसकी पत्नी निकिता अपने तीन साल के बेटे यादवेंद्र ओर छह माह के आयुष के साथ घर मे थी। सुबह जानवरो को चारा. पानी करने के दौरान निकिता ने छह माह के आयुष को जानवरों के छप्पर में ही पालने में लिटा दिया। इसके बाद वह उसकी तरफ ध्यान दिए बगैर खाना पकाने में जुट गई। उन्होने बताया कि काफी देर बाद निकिता को अपने छोटे बेटे की याद आई। इस बीच उसके रोने की आवाज न मिलने पर जब वह उसके पालने के निकट पहुंची तो वहां बेटे के चेहरे के ऊपर भैस का गोबर देख सन्न रह गई। बताते है कि बच्चा किसी प्रकार की हरकत नही कर रहा था। तब उसने घटना की जानकारी पड़ोस में रह रहे परिवार के अन्य लोगो को दी। अबोध बालक को तत्काल महोबा के जिला अस्पताल ले जाया गया।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या तक शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

लखनऊ/ अयोध्या । (पीएमए) अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए वाराणसी से अयोध्या तक हेलीकॉप्टर सेवा को शुरू किया जा सकता है। इसके लिए वाराणसी के नमो घाट पर तीन हेलीपोर्ट बनकर तैयार हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन तीनों हेलीपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद यहां से हेलीकॉप्टर सेवा को भी हरी झंडी मिल जाएगी।

### वाराणसी से अयोध्या की दूरी 40 मिनट में पूरी होगी

वाराणसी में महादेव के दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं की अयोध्या में विराजमान रामलला के दर्शन करने की राह भी आसान हो जाएगी। वाराणसी के नमो घाट पर तीन हेलीपोर्ट बनकर तैयार हो गए हैं। इनमें दो पक्के और एक कच्चा इमरजेंसी हेलीपैड तैयार किया गया है। यहां एक साथ तीन हेलिकॉप्टर उतर सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 दिसंबर को तीनों हेलीपोर्ट के लोकार्पण के बाद उड़ान सेवा को भी हरी झंडी मिल जाएगी। वाराणसी से हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत होने के साथ ही वाराणसी से अयोध्या तक की 220 किलोमीटर की दूरी को केवल 40 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। निजी हेली कंपनियां पर्यटकों को वाराणसी की सैर कराएंगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं और पर्यटकों को वाराणसी से अयोध्या तक भी ले जाएंगी।

# लाभार्थियों को योजनाओ का लाभ एवं प्रमाणपत्र वितरित किया गया

आजमगढ़ । (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड सठियांव में प्रथम पाली में ग्राम पंचायत काशीपुर एवं द्वितीय पाली में अबाड़ी, बिलरियागंज में प्रथम पाली में जमीन रसूलपुर एवं द्वितीय पाली में महाकर्मनाथपट्टी, मिर्जापुर में प्रथम पाली में टुण्डवल एवं द्वितीय पाली में खैरूद्दीनपुर, मुहम्मदपुर में प्रथम पाली में थनौली एवं द्वितीय पाली में मुजफ्फरपुर, जहानागंज में प्रथम पाली में भोपतपुर एवं द्वितीय पाली में भागवत, अतरौलिया में प्रथम पाली में पकरडीहा टण्डवा एवं द्वितीय पाली में देहुला सल्तनत चिस्तीपुर, पवई में प्रथम पाली में भुखली एवं द्वितीय पाली में गोधना, अहिरौला में प्रथम पाली में बनरहिया एवं द्वितीय पाली में सजनी, तरवां में प्रथम पाली में कोटा एवं द्वितीय पाली में रस्तीपुर, पल्हनी में प्रथम पाली में चकइनामी एवं द्वितीय पाली में रामपुर सुदीचकराजा, फूलपुर में प्रथम पाली में जौमा एवं द्वितीय पाली में शेखपुर पिपरी, हरैया में प्रथम पाली में बेलकुण्डा एवं द्वितीय पाली में बैजाबारी, मार्टीनगंज में प्रथम पाली में सिकरौर सहबरी एवं द्वितीय पाली में युसुफपुर खानपुर, पल्हना में प्रथम पाली में कबूतरा एवं द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत कोटाखूर्द में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 08 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अजमतगढ़ में प्रथम पाली में ग्राम पंचायत बनकटिया एवं द्वितीय पाली में बनौरा मैनाथपट्टी, महराजगंज में प्रथम पाली में चेवता एवं द्वितीय पाली में परसमनपुर, तहबरपुर में प्रथम पाली में चकवारी एवं द्वितीय पाली में जमीनबारी, रानी की सराय में प्रथम पाली में लछिरामपुर एवं द्वितीय पाली में रूदरी, मेंहनगर में प्रथम पाली में चकवारा एवं द्वितीय पाली में वियजीपुर, पवई में प्रथम पाली में बसहीअशरफपुर एवं द्वितीय पाली में लखमापुर, अहिरौला में प्रथम पाली में बीबीपखनपुर एवं द्वितीय पाली में मतलूबपुर, तरवां में प्रथम पाली में उचहुआॅ एवं द्वितीय पाली में बीबीपुर, फूलपुर में प्रथम पाली में सुदनीपुर एवं द्वितीय पाली में उदपुर, पल्हना में प्रथम पाली में करसड़ा एवं द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत रामपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम/कैम्प के माध्यम से लोगों को जागरूक/लाभान्वित किया जायेगा।